हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 30 मई 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

Highest Selection Ratio (NEET)
Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%
Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%




28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023

Once Again At NEET
MAKE IT COUNT WITH US !
LEADER BATCH
STARTING FROM
1ST JUNE 2024
ADMISSION OPEN




ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
Nurture Batch
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
Achiever Batch
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
Leader Batch
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
Foundation Batch
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि–

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट–एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12–14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र–छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12–14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे–अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे–अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता–पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय–समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन–भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है –

**फाउंडेशन कक्षा** – 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा – 11** के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.–2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT** एवं **JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.–2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.–ड्रॉपर्स** के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है । हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 – न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

# बालवाड़ी शिक्षक-शिक्षिकाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण

## भाषायी एवं गणितीय रणनीतियों की दक्षताओं में बच्चों को निपुण बनाने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



सीखने सिखाने के परिपेक्ष्य से बालवाड़ी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण डाइट के निर्देशन में जिला मुख्यालय दुर्ग में बालवाड़ी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा के उद्देश्य से विकासखण्ड-दुर्ग में 23 बालवाड़ी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 27 मई से 29 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में बच्चों का समग्र विकास के अंतर्गत शारीरिक, मानसिक, थीम आधारित दैनिक गतिविधि, सामाजिक एवं नैतिक भाषा विकास के घटक भाषायी-विकास, संज्ञानात्मक, सह-संज्ञानात्मक विकास आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मास्टर ट्रेनर निधि जैन, सुनीता साहू, आह्वान संस्था से अश्वनी कुमार एवं शशि रैदास सुपरवाइजर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा दिया गया। भाषायी एवं गणितीय रणनीतियों की दक्षताओं में बच्चों को कैसे निपुण बनाया जाए, इस पर रोचक गतिविधियों एवं खेल-खेल के माध्यम से सिखाया जाए। इन गतिविधियों पर शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव, बीआरसी श्रवण कुमार सिन्हा, एपीसी पेडागॉजी, विवेक शर्मा, एपीसी बालवाड़ी प्रभारी सीता अग्रवाल, डाइट से राजेश चंद्रवंशी, यूआरसीसी किरण चन्दवानी आदि ने बालवाड़ी के सुचारू संचालन के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किए। इस अवसर पर सीता अग्रवाल एपीसी ने भी संबोधित किया। महिला बालविकास से शशि रैदास, रेखा नेताम, मास्टर ट्रेनर निधि जैन, सुनीता साहू, फरहान जबीन, आहवान संस्था से अश्वनी कुमार, मास्टर ट्रेनर्स, 46 शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भोथली में निषाद केवट समाज की बैठक 2 को

**अंडा।** दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा भरदा, चंगोरी परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक जन जागरूकता अभियान चलाई जाएगी जिसमें युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने बताया कि परिक्षेत्र के सभी गांव में जाकर समाज के युवा महिला बुजुर्ग को सामाजिक राजनीति एवं समाज संगठन को मजबूत करने में परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सभी 15 गांवों में प्रत्येक रविवार को सामाजिक जन जागरूकता अभियान क्षेत्र में चलाई जाएगी। जिसमें प्रथम बैठक कार्यक्रम ग्राम भोथली में 2 जून से की जाएगी। इस कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष हिन्छा राम पारकर, उपाध्यक्ष सियाराम निषाद, क्षेत्र युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशव निषाद, वरिष्ठ युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारी जिला सह सचिव भीम सिंह आदि शामिल होंगे।

## निधन

### सरिता देवी गुणधर



**भिलाई।** कातुलबोड दुर्ग निवासी सरिता देवी गुणधर का निधन 29 मई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे गौतम चंद गुणधर की पत्नी एवं आशीष गुणधर की मां थीं।

### इंद्रजीत बेलचंदन



**अंडा।** ग्राम खुर्सीपार निवासी इंद्रजीत बेलचंदन का आकस्मिक निधन 29 मई को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

### गौरी दास



**भिलाई।** अवधपुरी, रिसाली निवासी गौरी दास का निधन बुधवार 29 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 मई को रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा दोपहर 2.30 बजे उनके निवास, प्लॉट नंबर 625/10, अवधपुरी, मंदिर गली, रिसाली से निकलेगी। वे सुब्रत दास, शंकराचार्य विद्यालय हुडको के प्रिंसिपल अमिताभ दास एवं रंजना घोष की मां थीं।

### सुरिंदर कौर



**भिलाई।** सेक्टर 4, सड़क नंबर 14 हाउस नंबर 14 सी निवासी सुरिंदर कौर 81 वर्ष का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 31 मई को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भाजपा कार्यकर्ता प्रताप सिंह की मां थीं।

## गौठान प्रस्ताव का भी किया विरोध, नेताओं की उपस्थिति में बनी सहमति

# शीतला तालाब मामले को लेकर हुआ बवाल नगरवासियों ने किया नपं कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

नगर पंचायत उतई के प्रमुख शीतला तालाब की दलदल निकालने और सौंदर्यीकरण करने के बहाने नगर पंचायत उतई द्वारा लिए गए एक प्रस्ताव ने खोदाई के बहाने तालाब की अव्यवस्थित खुदाई और तालाब के भीतर अनेक स्थानों पर खाई नुमा खतरनाक गढ्ढों और अनेक स्थानों पर गहरे और खाई नुमा गढ्ढे खोदे जाने से तालाब बर्बाद हो चुका है। तालाब में पानी भर भी दिया जाय तो निस्तारी करने वालों की जान को सदैव खतरा बना रहेगा और अचानक कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है ।

इस मसले को लेकर नगर पंचायत उतई में नगर वासियों ने लगभग पंद्रह दिन पहले सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया था, किंतु नगर पंचायत प्रतिनिधि और अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी और मौके पर व्यवस्था सुधारने में किसी ने रुचि भी नही दिखाई जिससे नाराज होकर दो दिन पूर्व महिलाओं ने फिर नगर कार्यालय में धावा बोला किंतु फिर भी अधिकारियों ने खानापूर्ति ही की जिससे महिलाओं व मोहल्लेवासियों में आक्रोश बढ़ता गया और अंततः अल्टीमेटम देकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, युवाओं और मोहल्ले वालों ने 29 मई को नगर पंचायत कार्यालय में जबरदस्त प्रदर्शन कर कार्यालय परिसर में ही जमीन पर बौठकर धरना दिया। वहीं अधिकारियों को मौके पर पहुंच निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने का वादा करने को बाध्य कर दिया। अंततः नगर पंचायत अधिकारी राजेंद्र नायक, इंजीनियर योगेश्वर सिंह सहित नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी भीषण गर्मी के बाद भी भरी दोपहरी में शीतला तालाब का मौका मुआवना कर जनता की भावनाओं के अनुरूप तालाब की व्यवस्था सुधारने का वादा किया, तब कही जाकर मोहल्ले वासियों ने अपना आंदोलन समाप्त किया। साथ ही किए वादे में किसी तरह का घाल मेल कर जनता को गुमराह करने की किसी भी अगली कोशिश के लिए भारी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी।

### अधिकारियों ने मौके पर जाकर किया मुआयना



### कांग्रेस व भाजपा दलों ने नहीं किया था तालाब खोदाई का विरोध

इस पूरे मामले में सबसे गंभीर बात यह है की इस खुदाई हेतु लिए गए प्रस्ताव का नगर पंचायत उतई की कांग्रेस सरकार का किसी भाजपाई पार्षद ने भी विरोध नही किया अपितु पूरी सहमति के साथ समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किया जो इस बात का प्रमाण है कि शीतला तालाब की बर्बादी में नगर की कांग्रेस सरकार की जितनी जवाबदेही है उतनी की जवाबदेही सदन के भाजपा पार्षदों की भी है जिन्होंने आंखे मूंद कर इस बर्बादी के प्रस्ताव का समर्थन किया। खोदाई प्रारंभ होने के बाद विधायक के करीबी कुछ भाजपाइयों की गाड़ियां भी महीनों तालाब में चली जिससे उन्होंने काफी आर्थिक लाभ भी निश्चित ही लिया होगा। किन्तु इस दौरान दुर्भाग्य यह रहा की नगर के प्रतिनिधि होने के बाद भी उन्होंने नगर की व्यवस्था बिगाड़ने में तालाब की बर्बादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि दोनो प्रमुख दलों के पार्षदों और नेताओं की तालाब की बर्बादी में महत्वपूर्ण भूमिका रही है इसलिए किसी की ओर से कोई विरोध के स्वर आज तक सुनने में नही मिले जिसके चलते मोहल्ले वालों को स्वयं आगे आना पड़ा क्योंकि नगर पंचायत में सत्ता पक्ष कांग्रेस और विपक्ष भाजपा दोनो दलों के पार्षदों की सांठगांठ से तालाब की बदस्तूर खोदाई करके लोगों की जान से खिलवाड़ करने की साजिशे रची गई है ऐसा प्रतीत होता है।

### गौठान बनाने का विरोध माना बनाई जा रही वाल अब नहीं बनेगी

तालाब के इस किनारे में खुदाई की मिट्टी पाटकर गौठान बनाने की बात नगर पंचायत द्वारा स्वीकार की गई थी जिस पर बुधवार को यूं टर्न लेते उसे पार्किंग का नया नाम दिया गया जिसका भी आंदोलन कर रहे नगर वासियों ने विरोध किया जिसके बाद वाल नही बनाने की सहमति बनी और पहले तालाब के निस्तारी वाली पचरी ठीक करने और निस्तारी स्थल पर तालाब का ढाल सुनिश्चित ढंग से बनाने की सहमति बनी। वहीं दूसरी ओर अनेक स्थानों पर खाई नुमा गढ्ढे खोद दिए गए हैं। जिन्हे जेसीबी के माध्यम से पटवाने की बात मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्वीकार की ओर कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने की बात कही। ताकि भविष्य में होने वाले खतरो से बचा जा सके ।

### आंदोलन में ये रहे मौजूद

बुधवार के आंदोलन में प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य सतीश पारख, भाजपा मंडल के महामंत्री सोनू राजपूत, पूर्व पार्षद नरेंद्र साहू, भाजपा के मीडिया प्रभारी पूनमचंद सपहा सहित आंदोलन में नगर वासियों में प्रमुख रूप से मयाराम सिन्हा, धनेश्वरी, भुनेश्वरी, शैलेश कुमार, देवेश साहू, खिलेश्वरी ठाकुर, शशि ठाकुर, शिव ठाकुर, फुलमत ठाकुर, गणेश्वर नेताम, अंजनी नेताम, शशिकला, अनिता, ज्योति, गीतांजलि, त्रिवेणी, पल्लवी, छैलेंद्र साहू, रूखमणी, लीलेश साहू, साक्षी, सरिता, छबिलाल साहू, बिमला, छन्नी, संगीता, दीपक, पूर्णिमा, तामिन, कांति यादव, सुलेखा, पायल, दुर्गा, परागा, लवनकुमार, रामकुमार ठाकुर, शिव साहू, सुखनंदन साहू, रिमन लाल, केशव साहू, महेंद्र कुमार सहित आदि उपस्थित थे।

# छेड़छाड़ का आरोपी 12 दिन बाद पकड़ा गया, धमधा पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा



बीते 18 मई को ग्राम सिल्ली के एक विवाहित महिला के घर रात्रि 8.30 बजे लौकी देने के बहाने जाकर ग्राम के ही दबंग दाऊ लेखराम पटेल ने अकेली महिला के साथ छेड़छाड़ किया था। महिला ने हाथ छुड़ा कर अपनी इज्जत बचाई थी। 19 मई को महिला ने धमधा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 354,451 दर्ज कर खोजबीन चालू किया। लेकिन आरोपी ने बचने का बहुत प्रयास किया और साथ ही पुलिस से भी बचने का प्रयास किया। पुलिस खोजबीन करते रह गई लेकिन आरोपी का कही पता नही चल पा रहा था। इस बीच पीड़ित महिला को धमकाने एवं केश वापस लेने का बहुत प्रयास किया गया। महिला काफी डरी सहमी हुई थी। इस बीच महिला ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग को भी शिकायत कर आरोपी से जान का खतरा बताया था। महिला को केस वापस लेने काफी दबाव भी बनाया गया, पीड़ित महिला के नही मानने से आरोपी का मनोबल टूटा । धमधा पुलिस भी सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को बुधवार को उनके घर से गिरफ्तार कर दुर्ग कोर्ट में पेश करने ले गई।

।। तृतीय पुण्यतिथि ।।



स्व. श्रीमती रीतरानी मिश्रा

तेरी सुनाई लोरियां आज भी कानों में गूंजती हैं
घर की हर चीज में ये आँखें बस तुझे ही ढूंढती हैं,
कहाँ गयी है तू जो तेरी कोई खोज खबर नहीं मिलती
जहन में तो आज बस तेरी यादें ही घूमती हैं।

-: शोकाकुल परिवार :-
पुष्पा मिश्रा, संगीता मिश्रा, (बेटियां) आशीष मिश्रा,
सोनी मिश्रा (पोता-बहू) सुनीता पाण्डेय-राजीव पाण्डेय (बेटी दामाद)
कृष्णानंद पाण्डेय - विमला पाण्डेय (समधी-समधन)

### संभाग स्तरीय योग ओलंपियाड में तीन बच्चे चयनित



**सेलूद।** जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता आत्मानन्द विद्यालय कुम्हारी में आयोजित जिला स्तरीय योग ओलंपियाड में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुंडरा के तीन बच्चों का चयन संभाग स्तरीय योग ओलंपियाड के लिए हुआ है। जिसमें भाविका देवांगन और टोमांशिक पटेल, नंदिनी विश्वकर्मा शामिल है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तेलीगुण्डरा के योग प्रशिक्षक महेन्द्र साहू, जिला योग प्रशिक्षक अशोक कुमार ओझा, प्रधान पाठक एमएल वर्मा के मार्गदर्शन में समर कैम्प में प्रतिदिन योग कराया जा रहा है। इस सफलता पर संकुल समन्वयक जैनेंद्र कुमार गंजीर, शिक्षक खिलेंद्र साहू, जितेंद्र कुमार वर्मा, हेमंत कुमार कुर्रे, दानेश्वर वर्मा, लेखराम वर्मा सहित सहित ग्राम के युवा सरपंच मनीष पटेल, जनपद सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत पाटन दिनेश कुमार साहू ने बधाई दी है।

# सहकारी समितियों में खाद-बीज लेने अब किसानों की उमड़ने लगी है भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



- खेती-किसानी का कार्य प्रारंभ करने खेत की सफाई में जुटे हुए हैं किसान

समितियों में खाद-बीज लेने पहुंचने लगे हैं किसान खेती-किसानी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। किसान अब अपने खेत की ओर रुख करने लगे हैं। वहीं खाद बीज के लिए सहकारी सोसाइटियों में किसानों की भीड़ भी उमड़ रही है। अक्षय तृतीया पर पूजा-पाठ के बाद खेती किसानी का कार्य प्रारंभ किया जाता है। बदलते मौसम के बीच किसान एक बार फिर अपने खेतों की ओर कूच कर चुके हैं। वहीं खेती-किसानी के लिए अब किसान खाद बीज लेने सोसाइटी में भी पहुंच रहे हैं। वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति अंडा में खाद बीज लेने पहुंचे किसानों का कहना है कि खेती-किसानी का कार्य शुरू हो चुका है इस सोसायटी के माध्यम से चार गांव आते हैं ग्राम अंडा, विनायकपुर, चिंगरी और जंजगिरी के किसान आते है।

ग्राम अंडा से पहुंचे किसान राधेश्याम चंद्राकर ने कहा कि खाद बीज मिल रहा है और खेती का काम शुरू भी किया जा चुका है। समितियों में अभी सभी प्रकार का खाद उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार की समस्या नही हैं। सभी चीज की सुविधाजनक किया गया हैं। अब सारी आस मौसम से ही बंधी है। वहीं तिलक चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकार, रोशन देशमुख, संतू निर्मलकर, टिकेश्वर देशमुख, यशवंत देशमुख, पंकज चंद्राकर, बिरेन्द्र साहू सहित अन्य किसान भाई उपस्थित थे।

वहीं खादों में डीएपी 1350 रुपये, यूरिया 266.50 रुपये, राखड़ खाद, 535 और पोटाश, 1635 रुपये में किसानों को उपलब्ध हो रहा है। वहीं बीज की बात की जाए तो सरना धान 3400 रूपये, राजेश्वरी 3400, महामाया धान 3400, एक हजार एक धान 3400, पतला धान 1010 का मूल्य 3900 रूपयं में किसानों को उपलब्ध कराय जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच बारिश और लगातार हो रहे मौसम में बदलाव के चलते किसानों की चिंता बढ़ी हुई है, तो वहीं किसान अपने खेतों में मेड़ बनाने और खेतों की सफाई में जुटे हुए हैं।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा है ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट , 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

**न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202405104000008/ ब-121/2023-24
मौजा:- बानबरद प.ह.न. :- 06

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर जिला दुर्ग का पृ.क्र./245/ प्र.कले. / 2024 दुर्ग, दिनॉक 28.03.2024 एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 03 का अग्रेषण दिनांक 03.04.2024 के अनुसार आवेदिका श्रीमती कल्पना बरहरे पति स्व. चन्द्रमणी बरहरे, साकिन बानबरद तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बानबरद, प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1499 रकबा 0.55 हे. कृषि भूमि शासन से प्राप्त शासकीय पट्टेदार की भूमि है, जो कि अहस्तांतरणीय है। जिसे विक्रय कर प्राप्त प्रतिफल राशि से बच्चो की शादी एवं मकान बनवाने हेतु उपरोक्त भूमि को बिक्री करने की अनुमति प्रदान करने बाबत् आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला दुर्ग (छ.ग.) को प्रस्तुत किये जाने से, उक्त आवेदन के संबंध में नियमानुसार आवश्यक जॉच कार्यवाही कर जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त आवेदन के संबंध में विधिसम्मत आपत्तियाँ रखने वाला कोई भी व्यक्ति सुनवाई हेतु नियत तिथि 10.06.2024 को इस न्यायालय में स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा लिखित आपत्तियाँ निवेदित कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक - 10.06.2024
जारी दिनांक - 14.05.2024

मुहर
तहसीलदार
अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनांक- 25/04/2024 को समय 11.00 बजे अपने पास अपना जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा सेक्टर- 01 भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) का खाता क्रमांक- 101009678016 का मूल पास बुक एवं चेक बुक (जिसमें कुछ कोरा चेक एवं कुछ हस्ताक्षर चेक है) उमर पोटी से उतई (उतई-खोपली रोड) में आवागमन के समय में कहीं गुम हो गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को प्राप्त होता है तो उपरोक्त वर्णित पास बुक, चेक बुक एवं अन्य दस्तावेजों को मेरे निम्नलिखित पता पर वापस प्रदान कर देवे/अथवा उल्लेखित मोबाईल नंबर पर संपर्क करें। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त वर्णित दस्तावेजों का दुरूपयोग करता है तो उसके विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी। मैंने उक्त संबंध में संबंधित थाना को सूचित कर शिकायत दर्ज करा दिया गया है।

स्थान-दुर्ग
दिनांक- 29/05/2024

आवेदक
मंतराम दिवाकर
पिता - पतिराम दिवाकर
निवासी-उमरपोटी, थाना उतई
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मोबा.नं. 9340463369

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SHRI RAM KISHUN भिलाई इस्पात संयंत्र के भू-खण्ड में निर्मित QR. NO. 194D/000/RS (AA3) भिलाई के आबंटन आदेश क्रमांक SELHS/BSP/TS/2009/583, Dtd. 22.08.2009 किया हैं।

लीजधारक SHRI RAM KISHUN के देहान्त उपरान्त उनकी पत्नि SMT. PUNNIBAI CHANDRAKAR ने लीज में आबंटित आवास QR. NO. 194D/000/RS(AA3), भिलाई का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया हैं।

उक्त लीज आवास QR. NO. 194D/000/RS(AA3), भिलाई के ढांचा संबंधी हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय / अर्ध शासकीय कार्यालय, बैंकों, या वित्तीय संस्थाओं आदि को इस बाबत कोई आपत्ति, दावा, बंधक पत्र, देनदारी उजर हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति / दावा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। सनद रहे कि उपरोक्त म्याद / अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की अगली कार्यवाही जारी रहेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
प्रबंधक (आवस लीज)
नगर सेवा विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान

अधिकतम 44 डिग्री

न्यूनतम 31 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 30 मई 2024





12 दस साल बाद टूटा दुर्ग जिले में गर्मी का रिकार्ड, रात में भी लू के थपेड़े




## खबर संक्षेप

### शेयर मार्केट के नाम पर 1 करोड़ की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म ददर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सूर्य विहार कालोनी निवासी प्रलय शांति बसु से अज्ञात ने शेर मार्केट में रुपए निवेश कर 500 प्रतिशत मुनाफा का झांसा देकर 1 करोड़ 26 लाख 22 हजार रुपए का ठगी किया है। मुनाफा की राशि आरोपियों ने पीड़ित को समय बीतने के बाद भी नहीं दिया। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस को किया है। सीएसपी ने बताया कि आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### पुलिस का मुखबिर बताकर नाबालिग की पिटाई

**भिलाई।** नाबालिग को बंधक बनाकर मारपीट करने का वीडियों वायरल होने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक बिजली नगर भिलाई तीन कालोनी में स्थित डेमेज क्वाटर नशेडियों का अड्डा बन गया है। हाल में कुछ बदमाश किस्म के युवकों ने नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट किया है। वीडियों में बदमाशों द्वारा नाबालिग को पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर पिट रहे थे। उक्त खाली पड़े डेमेज क्वाटरों में अपराधी किस्म के युवकों का आना जाना लगा रहता है। ये अपराधी नशेडी किस्म के है। क्वाटर को कब्जा कर बदमाश युवकों द्वारा कब्जा कर रहने लगे है। बदमाश युवक यहां रहकर गांजा का अवैध कारोबार भी बेखौफ तरीके से करते है। वायरल वीडियो से पुलिस को जानकारी मिली इसके बाद पुलिस आरोपी को पकड़ने में जुटी हुई है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि वायरल हुआ वीडियो पुराना है। वायरल वीडियो के आधार पर उसकी गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी। पिटाने वालों में एक युवक को पहले बाइक चोरी के आरोप में जेल भेजा गया था।

### क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर 58 लाख की ठगी

भिलाई। क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मकान नंबर डी 34 अस्पताल सेक्टर निवासी लिपी चक्रवर्ती सीएम शासकीय मेडिकल कालेज कचांदुर में नेत्र रोग विभाग की विभाग अध्यक्ष है। उनके मोबाइल पर अज्ञात ने टेलीग्राम एप पर क्रिप्टो ट्रेडिंग का झांसा देकर 58 लाख 43 हजार 900 रुपये की आन लाईन ठगी किया। जिसकी शिकायत सायबर पुलिस पोर्टल मे आन लाईन शिकायत दर्ज कराया गया है। ट्रेडिंग करने के नाम पर ठगी का कारोबार इस्पात नगरी के लोगों के साथ लगातार हो रही है।

## जेवरा सिरसा पुलिस चौकी की घटना

# बाफना गोल्फ क्लब का पोर्च गिरा, दस मजदूर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक पोर्च ढलाई के दौरान अचानक पूरा पोर्च भरभरा के गिर गया। हादसे में 10 मजदूर गंभीर रुप से घायल होने की जानकारी मिल रही है। सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक चिखली स्थित बने रहे बाफना गोल्फ क्लब में बुधवार देर शाम पोर्च की ढलाई का काम चल रहा था। अचानक पोर्च गिर गया। उसमें करीब 10 मजदूर काम कर रहे थे। सभी मजदूर मलवे के नीचे समा गए। यहां करीब 27 फीट के पोर्च का काम चल रहा था खबर लगते ही मौके पर पुलिस पहुची और घायलों को अस्पताल पहुचाया गया। बाफना गोल्फ क्लब शिवनाथ नदी दुर्ग से लगा हुआ है। हादसे में घायलों में कुछ मजदूरों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बताया जा जा रहा है कि जिस तरह से पोर्च की ढलाई की जा रही थी। उसमें सुरक्षा का इंतजाम ठीक ढंग से नहीं किया गया था। इसके अलावा पोर्च में चढ़ने वाले मजदूरों के लिए बल्ली का उपयोग भी बेहतर तरीके से नहीं होने के कारण ही अचानक पूरा पोर्च मजदूरों के ऊपर जा गिरा। इसमें काम करने वाले मजदूरों में कई महिलाएं भी शामिल है। खबर लिखे जाने तक घायलों का नाम पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेंद्र पाठारे ने बताया कि बाफना गोल्फ क्लब में एक पोर्च की ढलाई चल रही थी। तब ही हादसा हुआ। यहां कुल 30 मजदूर काम कर रहे थे। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने राहत और बचाव कार्य किया। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला।



### ये मजदूर हैं घायल

पुलिस ने बताया कि मठपारा गली नं-1 सुखमनदास मानिकपुरी, ग्राम खेरदा महेंद्र कुमार वैष्णव ग्राम पुरई, सुखचैन यादव, बड़ी चिखली उदय कुमार टेमरे, ग्राम कोसा बालोद लुकेश कुमार बंजारे, स्टेशन मरोदा विजय चौक हेमलता चंदेल, ग्राम चिरपोटी पूर्णिमा कोसरे, नया पारा दुर्ग दिलेश्वर साहू, स्टेशन मरोदा गोपाल राम , पुष्पा बारले, ग्राम सिर्री बालोद धर्म ठाकुर, रिसाली खिलावन साहू, स्टेशन मरोदा प्रमिला साहू का उपचार अस्पताल में जारी है।

### युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांतिनगर निवासी दीपक ठाकुर 32वर्ष ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### दो मकानों में चोरी

**भिलाई।** दो सूने मकानों में सेंधमारी कर नगदी और सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आरोपी आशीष गंधर्व को चोरी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सिकोला भाटा बस्ती निवासी भूपेंद्र कुमार और बोरसी कालोनी में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने दोनों मकानों का ताला तोड़कर मकान के भीतर प्रवेश कर सोना चांदी और नगदी पार कर फरार होना स्वीकार किया। आरोपी आशीष गंधर्व को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# अधूरा समर्पण भोलेशंकर स्वीकार नहीं करते- पं. मिश्रा

## अमलेश्वर में तीसरे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अमलेश्वर में समर्पण शिवमहापुराण के तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले ने कहा कि अधूरा समर्पण भगवान शंकर स्वीकार नहीं करते। उन्होने पूर्ण और अधूरा समर्पण का अंतर भी भक्तों को बताया। कहा कि अपने पड़ोसी या किसी के यहां का फूल, पत्ती तोड़कर भगवान शिव को चढ़ाते हैं यह अधूरा समर्पण है। पूर्ण समर्पण वह है जो आपके द्वारा अथक परिश्रम से निर्मित होता है। आपके घर का एक चावल का दाना चढ़ाते हो तो शिव उसे पूर्ण समर्पण मान लेते हैं। एक लोटा जल सारी समस्या का हल है लेकिन वह मंदिर का न हो। अपने घर से ले जाकर जल चढ़ाओ। तभी पूरा समर्पण कहेंगे।

### शिवजी को चढ़ाया जल हमारा बदलेगा कल

कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि शिवजी को चढ़ाया जल हमारा बदलेगा कल। परमात्मा ने हमें एक ही दिल दिया है और उसे महादेव को दे दिया तो वह श्रेष्ठ है। इस चिलचिलाती गर्मी में तुम भक्त अपना ह्दय लेकर आये हो इसी तरह जब भोलेनाथ के पास जाओ तो दिल लेकर जाओ और उनके ह्दय में समा जाओ।

### पूर्व कर्म के अनुसार मिल रहा है फल

कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि किसी के पास धन ज्यादा है तो किसी के पास कम। इसमें दोष महादेव का नहीं हमारा है। हमें अपने पूर्व कर्म के अनुसार यह प्राप्त हुआ है। आगे भी कर्म के आधार पर यह मिलेगा। पूर्व में कभी भूखे को भोजन करवाया हो , गौमाता को रोटी खिलाई होगी, तो आज हमको भरपेट भोजन मिल रहा है।

### महादेव की करूणा कभी छोटी नहीं होती

कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि किसी के घर की रोटी छोटी या बड़ी हो सकती है। मकान छोटे व बड़े हो सकते हैं। गाड़ी छोटी या बड़ी हो सकती है। लेकिन शिवमहापुराण कहती है कि महादेव की करूणा सब के लिए समान होती है। यह कभी छोटी या बड़ी नहीं होती। उन्होने एक मां के चार बेटों का उदाहरण देते हुए इसे समझाया। कहा कि जिस तरह एक मां अपने चारों बेटों को समान दूध पिलाती है और परवरिश करती है।

# दो महिलाओं ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो महिलाओं ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जीआरपी आरके बोझां ने बताया कि पावर हाउस भिलाई नगर के मध्य ट्रेन आजाद हिन्द एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पतासाजी करने पर महिला का शिनाख्त सेक्टर 2 सड़क 15 निवासी स्वाति चौरसिया 34 वर्ष के रुप में हुई है। बुधवार सुबह 7.45 बजे की है। दूसरी घटना पावर हाउस रेलवे स्टेशन की है। जिसमें ईतवारी पैसेंसजर प्लेट फार्म नंबर 1 में महिला की लाश मिली। महिला की उम्र 35-40 वर्ष की है। रंग गोरा शरीर दुबला पतला चेहरा गोल और हाइल 5 फीट का है। महिला आसमानी रंग का नाइटी पहनी हुई है। हाथ में लाल रंग की चूडी है। उक्त महिला का शिनाख्त नहीं हो पाया है। जीआरपी ने शव के फोटो को वायरल कर शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक एक शव का शिनाख्त हो पाया है। दूसरी महिला का नहीं हो पाया है। घटनास्थल से किसी भी प्रकार का सुसायडल नोट भी नहीं मिला है।

### एनजेसीएस की बैठक आज

**भिलाई।** सेल कर्मचारियों के लंबित मुद्दों को लेकर एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक आज दिल्ली में आयोजित है। बैठक में नाईट शिफ्ट एलाउंस, एचआरए और 39 महीने के एरियर्स भुगतान आदि पर चर्चा होगी। बैठक मे एनजेसीएस यूनियनों के सदस्य इंटक के बीएन चौबे, एटक से डी आदिनारायण, एचएमएस के संजय वढावकर, सीटू के तपन सेन और बीएमएस के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नालियों में कचरा व्यापरियों पर जुर्माना

**भिलाईनगर।** जोन क्रमांक 2 के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ निरीक्षण के दौरान मौके पर कचरा फेंकते हुए पाया शास्त्री नगर के नीतू किराना स्टोर के व्यापारी द्वारा नाली में कचरा फेंका जा रहा था उससे 500 अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार 18 व्यापारियो से नाली में कचरा फेकने का अर्थदण्ड एवं 3 निवासियो द्वारा रोड पर मलवा रखकर सड़क बाधित करने वालो से कुल 6300 अर्थदण्ड वसूली की गई।

# रिटर्निंग वॉल निर्माण की जांच के लिए विधायक ने लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। पत्र में शारदापारा कैंप 2 तालाब में रर्टिनिंग वॉल निर्माण की जांच करवाने कहा है। विधायक ने कहा है कि वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित शारदा पारा तालाब केम्प-02 भिलाई में रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य तालाब की लगदी की साफ-सफाई पश्चात नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाना था परन्तु निर्माण एजेन्सी द्वारा तालाब की लगदी लगभग 10 फीट की बिना साफ-सफाई व नींव खोदे बिना ही लगदी के उपर रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा रहा है। इससे रिटेनिंग वॉल निर्माण में अपेक्षित मजबूती नहीं होगी व रिटेनिंग वॉल बहुत जल्दी ही खराब होने की संभावना है। इससे आस-पास के लोगों में काफी आक्रोश है व शासन की राशि का सदुपयोग नहीं हो रहा है। इसलिए जनआकांक्षा के अनुरूप केम्प-02 शारदा पास तालाब स्टेंनिग वॉल निर्माण कार्य की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने की अपेक्षा की जाती है।

### अनाचार, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रेमजांल में फंसाकर महिला गर्भवती होने के बाद भी उसके साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 376(2)(एन), 376(2)(एच) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कृष्णा नगर निजामी चौक की पीड़िता पति से तलाक लेकर अपने मायके में निवास करती थी। मोहल्ले का आरोपी युवक मोहम्मद जुनैद उर्फ चंदु ने महिला को अपने प्रेम जाल में फंसाकर लगाकर अनाचार करता रहा। आरोपी ने महिला गर्भवती होने के बाद भी उसके साथ लगातार अनाचार करता रहा। आरोपी मोहम्मद जुनैद हड्डी गोदाम कृष्णा नगर निवासी है। आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया। उसे पुलिस ने न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।


SAI COLLEGE

Sai College

Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg

STREET-69, SECTOR-6, BHILAI, (C.G.)

ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

COURSES OFFERED

B.Com (Plain)
B.Com (With Computer Application)
B.Sc. (Computer Science, Chemistry, Maths, Physics, Biotechnology, Microbiology, Botany, Zoology)
BCA (Approved by AICTE)
BBA (Approved by AICTE)
BA
PGDCA
DCA
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Biotechnology)
M.Sc. (Maths)
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Botany)
M.Sc. (Zoology)*
MA (English)
M.Com
B.Lib
M.Lib*

EXCELLENT LAB FACILITY
WELL STOCKED LIBRARY
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
QUALIFIED & EXPERIENCED FACULTY
BOTH ENGLISH & HINDI MEDIUM
FOCUS ON INTERNSHIP & PLACEMENTS

*From 2024-25

www.saicollege.org
Email:- director@saicollege.org

Contact us on:
70248 48436, 99770 01027
89824 64455

Deepak Advertisers


## जानवरों व पक्षियों के केज में पानी की बौछारें व लगाई चटाई

# मैत्रीबाग में वन्यजीवों को गर्मी से बचाने प्रयास तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नवतपा की गर्मी बढ़ती गर्मी के चलते मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्यजीवों की भी व्याकुलता बढ़ रही है। इन्हें तपती गर्मी से बचाने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। जानवरों और पक्षियों को राहत देने के लिए इनके एनक्लोजर व कैज में विशेष प्रबंध किए गए हैं। मैत्रीबाग गर्मी का मौसम शुरु होते ही वन्य प्राणियों को गर्मी से राहत दिलाने प्रबंधन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। लेकिन इस साल नवतपा में रिकार्ड गर्मी पड़ रही है,जिसे देखते हुए ठंडकता के इंतजाम बढ़ाने के साथ जानवरों और परिंदों की देखभाल और खानपान भी भी संजीदगी से नजर रखी जा रही है। जू के बर्ड्स काप्लेक्स में पक्षियों और बंदरों के लिए पानी के फव्वारे के स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। इससे पक्षियों के कैज में ठंडकता बनी रहती है। टाईफा की चटाई भी लगाई गई है।

सांभर और हिरणों के इन्क्लोजरों में भी फव्वारों की व्यवस्था की गयी है जिससे उस क्षेत्र मे तापमान कम होने से इन्हें गर्मी से बचाया जा सके। बाघों के लिए कृत्रिम वाटरफाल तैयार किये गए हैं। सांभरों के लिए चभी मडबाथ का इंतजाम किया गया है। हिरणों, सांभर के साथ ब्लैक बक, बाघों व सिंह के इन्क्लोजरों में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मोट में हमेशा पानी भरा रहे । शेड के ऊपर से पानी का छिडकाव किया जा रहा है।



### लू से बचाने प्रयास तेज

जानवरों के पिंजरों को लू से बचाव के लिए चारों तरफ हरे नेट भी लगाये गए हैं। मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वर्तमान में करीब 340 वन्य प्राणियों को रखा गया है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. नवीन कुमार जैन ने बताया कि हीट वेव से चिड़ियाघर के वन्यप्राणियों की रक्षा के लिए जू के वातावरण को ठंडा रखा जा रहा है जिससे कृत्रिम झरने आदि विभन्न माध्यमों से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जानवरों को भीषण गमी से बचाने इन के खानपान और देखभाल भी खास ध्यान दिया जा रहा है। भोजन में तरबूज, ककड़ी एवं खरबूजा जैसे फलों को शामिल किया गया है। दुर्लभ वाइट टाईगर्स को भी ठंडकता के लिए पानी की बौछार से एनक्लोजर को ठंडा रखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### आयुक्त ने वार्डों की देखी सफाई व्यवस्था

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा वार्ड क्रमांक 53 बोरसी विवेकानंद कॉलोनी के क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मी को नालियों की तली से सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को एक दिन पश्चात अनिवार्य रूप से उठाने के निर्देश दिए गए ताकि वह कचरा नाली में पुनः ना जा सके। आयुक्त लोकेश चंद्रकर ने जीरो वेस्ट सेंटर का भी निरीक्षण किया। गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करते हुए देखा गया। आयुक्त ने बोरसी क्षेत्र के महावीर खेल परिसर के पीछे स्थित नाली में पाइप डालने के निर्देश उप अभियंता हरिशंकर साहू को दिए। इसके अलावा नालियों की सफाई तालाबों की सफाई के लिए जन भागीदारी को जोड़ने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कॉलोनी में जन भागीदारी से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### सिकलसेल इलाज पुस्तिका का विमोचन



दुर्ग। संगवारी व पहल प्रयास से परिणाम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल मरीजों के उचित उपचार एवं देखभाल के लिए एक ईलाज पुस्तिका का विमोचन डॉ हेमंत कुमार साहू, सिविल सर्जन डॉ अखिलेश यादव, डॉ नेहा बाफना, डॉ योगेश्वर कालकोन्डे, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ बैद्यनाथ, डॉ ओमप्रकाश वर्मा, अस्पताल सलाहकार कु गीता एक्का, प्रवीण कुमार, कु धर्मीन, लक्ष्मीचंद की उपस्थिति में किया गया। जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल का निःशुल्क जांच उपचार एवं परामर्श दिया जा रहा हैं। सिकल सेल मरीजों के ईलाज के लिए एक ईलाज पुस्तिका उपलब्ध हैं, जिसे कक्ष 17 मेन ओपीडी से प्राप्त किया जा सकता हैं। अधिक जानकारी के लिए सिकल सेल हेल्पलाईन नंबर 9302404491 पर संपर्क किया जा सकता हैं।

## निधन

### इंद्रवती सोनी



दुर्ग। श्रीमती इंद्रवती सोनी पति स्व नंदराम सोनी उम्र 99 वर्ष, सिंधिया नगर दुर्ग निवासी का 29 मई की शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 30 मई को शाम 4 बजे निवास स्थान सिंधिया नगर दुर्ग से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे स्व विनोद सोनी, भिलाई स्टील प्लाट के सेवानिवृत्त कर्मचारी भैयालाल सोनी व दुर्गेश सोनी की मां थीं।

# खबर के बाद कंपनी ने 9512 किसानों को जारी किए 3 करोड़ 70 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2023 खरीफ सीजन में किसानों द्वारा प्रीमियम जमा करने के बाद करोडों रूपए की राशि में कुंडली मारे बैठी बीमा कंपनी ने आखिर किसानों को क्लेम राशि जारी कर दी है। हरिभूमि की खबर के तीन दिन बाद बीमा कंपनी ने 9512 किसानों को तीन करोड 70 लाख रूपए से अधिक की राशि जारी भी कर चुकी है।

उल्लेखनीय हैं कि, हरिभूमि द्वारा अपने 26 मई के अंक में बीमा कंपनी द्वारा सूची को सार्वजनिक नही किए जाने से संबंधित खबर प्रकाशित की थी। इस संबंध में डीडीए ललित मोहन भगत ने तत्काल बीमा कंपनी से चर्चा किए जाने का आश्वासन भी दिया था। बीमा कंपनी द्वारा जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2023 में 81101 किसानों द्वारा 100396 हेक्टेयर रकबे में अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया था। जिसमें से कुल 9691 कृषकों को क्षतिपूर्ति राशि 38892256 रूपए का भुगतान किया जाना है। उप संचालक कृषि एलएम भगत ने बताया कि, अभी तक 9512 कृषकों को क्षर्तिपूर्ति राशि 37077396 रूपए का भुगतान किया गया है।

## वर्ष 2023 खरीफ सीजन की क्लेम राशि कंपनी ने की थी जारी

### राजस्व विभाग की लापरवाही

बीमा कंपनी द्वारा शेष 179 कृषक को क्षतिपूर्ति राशि 18 लाख 14860 रूपए का भुगतान रोक दिया गया है। राजस्व व कृषि विभाग द्वारा थ्रेस होल्ड उपज की जानकारी अब तक नही दिए जाने के चलते कंपनी ने भुगतान नही किया है। अफसरों ने बताया कि, राष्ट्रीय फसल बीमा पर अपलोड थ्रेसहोल्ड उपज एवं औसत उपज के हैरारकी में विसंगति प्रदर्शित होने के कारण लंबित है।



वर्ष 2023 खरीफ सीजन का किसानों को नहीं मिला बीमा

फसल बीमा की सूची सार्वजनिक नहीं कर रही बीमा कंपनी

### रबी सीजन की फसल गणना जारी

डीडीए ललित मोहन भगत ने बताया कि, वर्तमान में रबी 2023-24 में 29314 किसानों द्वारा रकबा 42035 हेक्टेयर में अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया है। वर्तमान में दावा क्षतिपूर्ति की गणना की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। दावा क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट तैयार होने के बाद पात्र किसानों को बीमा कंपनी द्वारा क्लेम राशि जारी कर दिया जाएगा।

## मौसम : दो दिन तब्दीली का नो चांस, रात में भी असहनीय गर्मी

# दस साल बाद टूटा दुर्ग जिले में गर्मी का रिकार्ड, रात में भी लू के थपेड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में वर्ष 2015 में तापमान 46.4 था। इसके बाद हर साल गर्मी का तापमान नीचे रहा है। लेकिन इस बार वर्ष 2024 में गर्मी ने सारा रिकार्ड तोड दिया और तापमान बुधवार को 45.5 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग द्वारा आगामी 31 कई तक किसी भी तरह का मौसम में तब्दीली नही होने का ताजा अपडेट बुधवार को जारी किया है। बहरहाल दुर्ग-भिलाई का तापमान बुधवार को 44.6 से बढकर 45.5 डिग्री तक पहुंच गया है।

ऐसी गर्मी पिछले दस साल के बाद महसूस हो रहा है। गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा लोगों को घरों में ही रहने के निर्देश दिए गए है। वही घर से निकलना जरूरी हो तो धूप से बचने तैयारी के साथ निकलने कहा गया है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों के लिए सभी जगहों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें बुधवार निकल चुका है। वही आज और कल ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी दी गई। तापमान इतना बढ गया है कि, इसका असर न सिर्फ दिन में बल्कि रात में भी लू की हवा चलने की चेतावनी दी गई है। मंगलवार को रिकार्डतोड गर्मी के चलते लोग दिन और रात में भी परेशान रहे। रात में भी लोगों ने गर्म हवा का एहसास किया है। बहरहाल अगले दो दिन भी हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। 30 मई तक भीषण गर्मी के साथ रात में भी गर्म हवाएं चलेंगी। ऐसे में सेहत का ख्याल रखना बेहद जरुरी है। इन सब के बीच मौसम विभाग ने जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि, घर से निकलते समय अपने आप को पूरी तरह से सुरक्षित कर ही बाहर निकले।

## भीषण गर्मी का स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर, घरों में रहने के निर्देश जारी

### गर्मी की स्थिति साल दर साल

जिले के पिछले दस साल के तापमान पर नजर डाले तो वर्ष 2015 में ही तापमान 46.4 डिग्री रहा है, जबकि इस साल तापमान इसके करीब पहुंचने को है। वर्ष 2014 43.6, 2015 46.4, 2016 44.8, 2017 45.4, 2018 43.6, 2019 45.2, 2020 46, 2021 43.2, 2022 44.6, 2023 43.6, 2024 45.5 डिग्री तापमान बना हुआ हैं।



### तापमान के सीध में आते ही असहनीय गर्मी

सूर्य की तपिश बारह बजे के बाद असहनीय लग रही है। मौसम विभाग ने दोपहर के 12 बजे से 3 बजे तक घरों में रहने के लिए कहा है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लू और गर्मी अपने चरम पर महसूस की जा रही है। वही इस वजह से खुद को लू के कारण बीमार होने से बचाएं। मौसम विभाग ने कहा है कि, 2 जून के बाद गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं रायपुर के तापमान की बात करें तो 29 मई को माना एयरपोर्ट में 45.7, बिलासपुर 45.4, पेंड्रारोड 42.8, अम्बिकापुर 44.2, जगदलपुर 39.6, दुर्ग 44.6 से बढकर बुधवार को 45.5, राजनांदगांव 43 रहा।

### दो दिन हीटवेव का अलर्ट जारी

प्रदेश का मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। आज प्रदेश में बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर संभाग के जिलो में लू व गर्म हवाएं चलने की चेतावनी जारी हुई है। मौसम विभाग ने 31 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और जिला हास्पिटल सिविल सर्जन हेमंत साहू ने सोशल मिडिया के जरिए लोगों को भीषण गर्मी से बचने अपील की है।

### चौबीस घंटे में केरल पहुंचेगा मानसून

बुधवार को मौसम विभाग ने कहा हैं कि, दक्षिण पश्चिम मानसून के अगले 24 घंटे में केरल में पहुंचने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम बांग्लादेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना 31 मई 2024 तक बनी हुई है। प्रदेश में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में एक दो पैकेट में ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक रहने की संभावना है।

## बारूद फैक्ट्री मालिक को बचाने की गारंटी दे रही साय सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- तत्काल 50 लाख रुपए मुआवजा दे साय सरकार

बेमेतरा बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने साय सरकार को घेरा है। राजेंद्र ने कहा कि, दर्जन भर से ज्यादा ग्रामीणों की मौत के बावजूद साय सरकार गहरी नींद में सोई है। भाजपा नेताओं के न्याय और सुशासन की गारंटी के दावे का क्या हुआ ? धमाके में मृत लोगों के साथ ही घायलों और लापता लोगों के परिजनों को न्याय नहीं मिलेगा ? क्या साय सरकार ने बारूद फैक्ट्री के मालिक को बचाने की गारंटी दे दी है।

राजेंद्र साहू ने कहा कि बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट के चार दिन बाद भी फैक्ट्री मालिक को गिरफ्तार नहीं किया है। प्रशासन द्वारा फैक्ट्री में रखी सामग्री को हटाने कहा गया है, जिससे स्पष्ट हो गया है कि फैक्ट्री में मौजूद साक्ष्यों को हटाने में खुद प्रशासन ही फैक्ट्री मालिक की मदद कर रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा फैक्ट्री मालिक के खिलाफ एक्शन लेने की बजाय उसे बचाने का प्रयास घोर निंदनीय है। राजेंद्र ने कहा कि, सबसे बड़ी दुर्भाग्यजनक बात ये है कि हादसे के बाद साय सरकार अभी तक यह स्पष्ट नहीं बता पा रही है कि, घटना के दिन कितने लोग फैक्ट्री में कार्यरत थे और कितने लोगों को अस्पताल ले जाया गया। कितने लोगों को बचाया गया और कितने लोगों की मौत हो गई? अब तक इन आंकड़ों को न बता पाना साय सरकार की नाकामी को दर्शाता है। फैक्ट्री से रजिस्टर ही गायब हो गया है।

### मलबे में अपनों को तलाश रहे परिजन

राजेंद्र ने कहा कि, विष्फोट इतना भयानक था कि लोगों को मलबे के बीच शरीर के अंग नहीं मिल पा रहे हैं। आसपास के ग्रामीण मलबे के बीच अपने परिजनों को तलाश रहे हैं। ग्रामीण न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन साय सरकार लोगों को न्याय नहीं दे रही है। उन्होने कहा कि, परिवारजनों को अविलंब 50 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा करे। साथ ही दोषी प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

## संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने देखी निगम क्षेत्र की दुकानों की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- पार्किंग व्यवस्था पुख्ता करने के दिए निर्देश

नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित परिसर का मुआयना करने पहुंचे संभागआयुक्त एसएन राठौर, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर, एसडीएम मुकेश रावटे, उपायुक्त महेंद्र साहू सहित अधिकारियों के साथ नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्थित परिसर एवं दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकानों का उपयोग एवं आरक्षण तथा दुकानों की बिक्री तथा भूमि आवंटन की प्रक्रिया में आने वाली परेशानियों के संबंध में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ गंज मंडी काम्प्लेक्स, नलघर काम्प्लेक्स, साइंस कॉलेज फील्टर प्लांट के पास प्रस्तावित चौपाटी के अलावा राजेंद्र पार्क के समीप नवनिर्मित फूड जोन का निरीक्षण कर



अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नलघर काम्प्लेक्स एवं गंज मंडी काम्प्लेक्स की सुंदरता के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश निगमायुक्त को दिए ताकि दुकानों की सुंदरता के अनुरूप दुकानों की बिक्री हो सके। आरक्षण को शिथिल करने निगम की सभा में प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि आवंटन की प्रक्रिया में आने वाली दिक्कतों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करने संबंधित अधिकारियों को कहा। इस दौरान सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता करण यादव, चंदन मनहरे, थानसिंह यादव आदि मौजूद रहें।

कलेक्टर ने कहा नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें, दुकानों के सामने कचरा बाहर बिखेरने वालों, पर कड़ी कार्रवाही करें व जुर्माना लगाए। उन्होंने कहा कि दुकानों लिए पार्किंग भी महत्वपूर्ण होता है। पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था न होने से आवागमन व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है और ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ जाता है। पार्किंग हेतु उपयुक्त और पर्याप्त जगह भी चिन्हांकित कर लें। उल्लेखनीय है कि वेंडिंग जोन में खाद्य पदार्थों की दुकानें होगीं। जिसमें चाट, डोसा, कुल्फी और गुपचुप के अलावा दुकानें इस ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे वेंडिंग जोन में फास्ट फूड, चाट, पेय पदार्थ, कुल्फी की दुकानें खोले जाने का प्रस्ताव है।

## निगम के दस्ता ने 35 जगहों से हटाया सड़क किनारे से अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत निगमायुक्त लोकेश चन्द्रकर मोती कॉम्प्लेक्स से होते हुए मान होटल से तकिया पारा तक यातायात में बाधक बन रहे ठेला-खोमचे के खिलाफ अभियान शुरू की। आयुक्त लोकेश चंद्राकर की मौजूदगी में अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की टीम ने दुकान के सामने सजाकर समान रखने व दुकान के बाहर साइन बोर्ड एवं ठेला और पसरा को हटाकर जब्त किया।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी दुकानदारों को दुकान के बाहर समान व सड़क पर साइन बोर्ड नहीं रखने की सख्त चेतावनी दी। सड़क दुर्घटनाएं रोकने व ट्रैफिक जाम से नागरिकों को बचाने निगम द्वारा अवैध कब्जाधारियों, ठेला, खोमचा एवं चलित होर्डिंग्स के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज निगम व जिला प्रशासन तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया



गया। अवैध कब्जेधारियोंए ठेलेए खोमचों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए हटाया गया तथा चेतावनी दी गई। आयुक्त ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र जा पहुंचे जहां उन्होंने सड़क किनारे सामान फैलाकर सड़क पर 35 जगहों से व्यवसाय करने वाले अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नायब तहसीलदार ढाल सिंह बिसेन, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव के अलावा टीम ने सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को भविष्य में अतिक्रमण करने पर समान जब्ती और विभागीय कार्यवाही करने की चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क आम जनमानस के चलने के लिए है। आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## गांवों के हॉट बाजारों में मोबाइल यूनिट से दवाई लेकर पहुंच रही स्वास्थ्य टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



स्वास्थ्य विभाग की हाट बाजार की मोबाइल मेडिकल टीम ग्रामीणों को तेज गर्मी व हीट स्ट्रोक से बचाव करने ग्रामों के हाट बाजारों में पहुंच स्वास्थ्य शिक्षा दे रही है।बीएमओ पाटन डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि, जिला प्रशासन के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के मेश्राम के मार्गदर्शन में मीडिया अधिकारी अनिता नयन, विकासखंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारियों बीएल वर्मा, चंद्रकांता साहू, सैय्यद असलम के पर्यवेक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, मितानिनों द्वारा ग्रामीणों को तेज गर्मी, लू से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिक्षा, एवं मितानिनों के सहयोग से जन जागरूकता की जा रही है। आज दल ग्राम पचपेड़ी में ग्रामीणों को वेणु गवेल, दीपिका देवांगन, होमलाल देवांगन, सुलोचना चंद्राकर आदि ने ग्रामीणों को लू से बचाव एवं उल्टी दस्त, पीलिया आदि से बचाव, ओ आर एस के उपयोग संबंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान किया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का करें भौतिक सत्यापन

# कमजोर का करें ग्रेडिंग, कुंजी से पढ़ाई पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की बैठक में दिए निर्देश

शिक्षा विभाग के खराब रिजल्ट को लेकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी आज काफी नाराज दिखी। उन्होने महकमे की बैठक लेकर मुखर होकर सक्त लहजे में कसावट लाने को कहा है। उन्होने कमजोर बच्चों का पहले ग्रेडिंग करने कहा, वही पाठ्यक्रम के बजाया कुंजी से पढाई कराने पर कडी कार्यवाही के संकेत दिए है।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कृष्णा पब्लिक स्कूल के सभागार में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। आगामी 16 जून से शत-प्रतिशत स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने तथा पाठ्य-पुस्तक, गणवेश एवं साइकिल वितरण कराने को कहा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में शिक्षा के स्तर और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने तथा नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए बालक-बालिकाओं के साथ-साथ शिक्षकों को मेहनत करने की आवश्यकता है। साथ ही शिक्षकों को बच्चों को विषयवार नोटिस बनाने प्रेरित करने को कहा। जो सफलता व ज्ञान पाठ्यपुस्तक से मिल सकती है वह ज्ञान कुंजी से नही मिल सकती।



### गाइडलाइन से पहले करे ग्रेडिंग

बच्चों का वर्गीकरण किया जाए, ताकि पता चल सके कौन सा बच्चा पढ़ाई में उत्तम है, मध्यम है और कौन सा बच्चा कमजोर है, उस आधार पर उसकों गाईड लाईन देना है। उन्होंने कहा संवाद सबसे अच्छा माध्यम है एक शिक्षक का संवाद जितना अच्छा रहेगा बच्चे और शिक्षक की दूरिया उतनी ही कम होगी। अब तक तीस हजार बच्चों का आधार कार्ड नही बनने पर नाराज कलेक्टर ने कहा कि, स्कूल में भर्ती के समय आधार कार्ड से संबंधित समस्या न आए।

### आरटीई में भर्ती, फिर स्कूल छोड़ रहे बच्चे

कलेक्टर ने आरटीई के तहत दिए गए प्रवेश में से लगभग 10 प्रतिशत बच्चों के ड्रॉप आउट होने पर चिंता प्रकट की तथा विद्यालयवार इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों से शाला त्यागने की वजह को जानकरी उनकी समस्याओं का समाधान करवाने पहल करने को कहा। बच्चे स्कूल क्यों नहीं आ रहे इसकी जानकारी स्कूल के प्राचार्य को होनी चाहिए। आरटीई के तहत उसके साथ वैसा ही व्यवहार करें जिस प्रकार सामान्य तौर पर प्रवेशित बच्चों के साथ व्यवहार करते हैं। जिले में समर कैम्प चल रहा है, जिससे बच्चों की प्रतिभाएं बाहर निकलकर आ रही है। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं का चिन्हांकन करना है और उसे उस दिशा में विकसित करना है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



02



बच्चों ने कीर्तन के माध्यम से किया...


## लाइव इवेंट

### राहगीरों के कंठो को तर करने जलजीरा, छांछ व रसदार फलों का किया वितरण



**भिलाई।** नौ तपा चल रहा है। स्वास्थ विभाग में भीषण गर्मी से बचने विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर रहे है। लेकिन घर से जरुरी काम के लिए निकले लोगो की परेशानियों को दूर करने ओजस समाज सेवा समिति रिसाली द्वारा जल, छांछ व फल वितरण कर सेवा कार्य किया।

इस दौरान समिति की सदस्यों के साथ अन्य जनों ने बढ़चढ़ अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान आरती कर की गई। 11 बजे से जल, छांछ व फलों का वितरण का कार्य शुरू किया गया जो कि 2 बजे तक लगातार चलता रहा। जिसमें सैकड़ों राहगीरों ने सेवा का लाभ लिया। । समिति अध्यक्ष ललिता सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में समिति द्वारा प्रतिवर्ष तीन माह राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जाती है जिसमें समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहता है।

इसी कड़ी में आज लगभग दो सौ लीटर छांछ व रसदार फलों का वितरण कर मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से की गई। इस दौरान अशोक सोनी, मंजू सोनी, भानू राव, संरक्षक दुर्गा अधिकारी, नीलिमा सिंह, सुनीता सिंह, संजू शुक्ला, अल्का शर्मा, नीलिमा भगत, सुषमा सिंह, संजय सिंह, सुमन सिंह, मधु तिवारी, प्राची सिंह, शकुंतला ठाकुर, परिणीता शर्मा, पद्मा वर्मा, नागमणी, जूली गुप्ता, चंदन वर्मा, अर्चना सर्राफ, आरती सर्राफ, गीता पाल, सीमा तिवारी, संध्या मण्डलौई, तमसेन कौर सहित अन्य सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी।

● संकटमोचन हनुमान समिति के तत्वावधान में अनिकेत कृष्ण महाराज का लगा दिव्य दरबार

# चरित्रहीनता और अहंकार रावण के विनाश का कारण दिव्य दरबार में हो रहा समस्याओं का निवारण





**भिलाई।** नेहरू नगर स्थित दशहरा मैदान में संकटमोचन हनुमान समिति के तत्वावधान में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा और दिव्य दरबार के छठवें दिन बुधवार को अनिकेत कृष्णजी महाराज ने कथा के माध्यम से महा रासलीला, गोपी संवाद और रुक्मणी विवाह का जीवंत चित्रण किया। अहंकार और चरित्रहीनता के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं, उन्होंने बड़े ही सुंदर ढंग से बताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम चरित्रवान थे, जबकि रावण चरित्रहीन। रावण की चरित्रहीनता और अहंकार ही उनके विनाश का कारण बना।

### अहंकारी इंद्र ने की क्षमायाचना

अनिकेत महाराज ने देवराज इंद्र को भी अहंकारियों की श्रेणी में रखा। जब भगवान ने इंद्र की पूजा रुकवाकर गिरिराज गोवर्धन की पूजा करवाई, तो इससे कुपित होकर इंद्र ने बादलों को आदेश किया कि जाओ और ब्रजमंडल में इतना बरसो कि सारा ब्रजमंडल जलमग्न हो जाए। मेघों ने इतनी मूसलाधार बारिश की कि ब्रज में हाहाकार मच गया। ब्रजवासियों ने कान्हा के पास जाकर अपनी विपदा सुनाई, तब कान्हा ने गिरिराज गोवर्धन को अपनी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। सत्ता के मद में चूर इंद्र को इस धृष्टता के लिए कृष्ण ने कठोर वचन कहे। अंततः इंद्र ने कान्हा से क्षमायाचना की। इस मौके पर अनिकेत महाराज ने हर घड़ी तेरी याद आए गीत के माध्यम से गोपियों की वेदना को सुमधुर स्वर में पेश किया, जिसका रसास्वादन लोगों ने किया। उन्होंने अपने जीवन को प्रवाहमान बनाने को कहा। जिस प्रकार जल का प्रवाह थमने पर अपवित्र हो जाता है और प्रवाहित होने पर स्वच्छ हो जाता है, उसी प्रकार स्वयं को थमने मत दो।

### भजनों का किया रसास्वादन

कार्यक्रम की शुरुआत ब्रज बिहारी परिवार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भजनों से हुई। जिसमें कान्हा तेरी बांसुरी नींद चुराए, अकेले गई थी ब्रज में, तेरा सांवला सलोना, दूल्हे बने हैं नंदलाल, तीन बाण के धारी, तीनों बाण चलाओ न सहित कई भजनों की सुर-सरिता बही, जिनका वहां पर उपस्थित भक्तों ने आनंद उठाया। भजन मंडली में आयुष दुबे, कार्तिक रैकवार, महेंद्र पटेल, योगेश गोस्वामी, भरत रैकवार, अर्पित व्यास तथा गोविंद पटेल शामिल हैं।

दिव्य दरबार में अनिकेत कृष्ण महाराज के पिताश्री रवींद्र कुमार दुबे, कुम्हारी सांई धाम के बाबाजी, सांसद विजय बघेल, उनकी धर्मपत्नी रजनी बघेल, समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह, आयोजक होशांग साहू, संयोजक भूपेश द्विवेदी समिति बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शुक्रवार से शुरू दिव्य दरबार में श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से महाभारत एवं शुकदेव जन्म, वामन चरित्र एवं समुद्र मंथन, कृष्ण जन्म, कृष्ण बाललीला एवं गोवर्धन पूजा की बड़े ही रोचक एवं भक्तिमय प्रस्तुति हो चुकी है।



## सिटी इवेंट

### मधुबनी, मांडला आर्ट व स्कैचिंग कर कैनवास पर उकेरी भावनाएं



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में सीएस अदिति व समता शुक्ला द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की युगल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आरईडी सुधीर कुमार द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सुधीर कुमार प्रदर्शनी को देखने परिवार सहित उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं मानस गुप्ता, महाप्रबंधक सम्पर्क प्रशासन जेकब कुरियन, महाप्रबंधक व्हीसी शेखर, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, उप महाप्रबंधक कांट्रेक्ट सेल–वर्क्स रेनू गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक पुनीत कुमार वर्मा, जनसंपर्क विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित आर्ट क्लब के सदस्य, कलाकारों के परिवार जन तथा भिलाई के नागरिक काफी संख्या में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि सुधीर कुमार ने पेंटिंग्स में रूचि लेते हुए आगंतुक पुस्तिका में लिखा यह पेंटिग्स की एक श्रेष्ठ और मनोरम संग्रह की प्रदर्शनी है। उन्होंने इसकी सराहना करते हुए कलाकारों से भी प्रदर्शित पेंटिग्स के बारे में चर्चा की।

ललित कलाओं में रूचि रखने वाली आदिति ने प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से ललित कला में सीनियर डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने भरतनाट्यम, मार्शल आट्र्स और ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट हासिल किया है।

प्रदर्शनी लगाने वाली समता शुक्ला एक गृहिणी होने के साथ ही अच्छी आर्टिस्ट भी हैं, बचपन से ही उन्हें चित्रकला और पेंटिंग में बहुत रूचि रही है। श्रीमती शुक्ला विभिन्न प्रकार की कला विधाओं जैसे ऑइल पेंटिंग, पेंसिल स्केचिंग, मधुबनी, मांडला कला, रेखाचित्र और वाटर कलर पेंटिंग सहित विविध कलाओं को कैनवास पर सुन्दरता के साथ उकेरा है। तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का समापन आज शाम किया जाएगा।



# बच्चों ने बनाई प्रतिदिन गतिविधियों की फाइल

**भिलाई।** बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दरमियान निरंतर पढ़ने-लिखने की बाल केंद्रित गतिविधियों से जोड़े रखने चरोदा में समर कैंप का आयोजन किया गया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरोदा में संकुल स्तरीय समर कैंप के आयोजन में 75 बच्चे उपस्थित हो रहे है। कैंप का अवलोकन करते हुए आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा दशरथ सिंह राजपूत ने बच्चों द्वारा भारत के प्राचीन और विशेष शिक्षकों के संकलन को देखकर अपने बचपन के दिनों को याद किया।

योगाभ्यास, ईश वंदना, राजगीत, राष्ट्रगान के साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए जापानी कला ओरिगामी ग्रीटिंग कार्ड, वेस्ट से बेस्ट की हस्तकलाएं, प्रतिदिन कराई जा रही गतिविधियों पर आधारित फाइल, पर्यावरण और पक्षियों के प्रति संवेदनशील, शतरंज, लूडो और कैरम बोर्ड खेलने की गतिविधियां में बच्चों की रुचि को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में बच्चों को अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए निरंतर अपनी रुचि के कार्यों में ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं शैक्षिक क्रियाकलापों के द्वारा सामान्य ज्ञान और विषय-वस्तु की समझ को स्पष्ट करने की जरूरत है। अपनी रुचि के अनुसार खेल के क्षेत्र में भी आगे जाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।



इस दौरान बच्चों द्वारा निर्मित ओरिगामी ग्रीटिंग कार्ड से अतिथियों का सम्मान किया गया। आरुषि वर्मा, आयुषी पंडा, चैतन्य कुमार यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में समर कैंप को बहुत उपयोगी बताया। बच्चों द्वारा निर्मित हस्तकलाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन कर अतिथियों ने सरहाहना की।

इस दौरान समर कैंप प्रभारी राम कुमार वर्मा, रेणु मोहंती संकुल समन्वयक चरोदा, शिक्षक निधिता यादव, अमित तिवारी, रोहित पटेल सेजस चरोदा, शिक्षिका गीतिका पटेल, चंद्रकला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरोदा बस्ती आदि उपस्थित रहे।

# सिकल सेल इलाज पुस्तिका का विमोचन, हेल्पलाईन नंबर जारी

**भिलाई।** संगवारी व पहल प्रयास से परिणाम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल मरीजों के उचित उपचार एवं देखभाल के लिए एक ईलाज पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस दौरान डॉ हेमंत कुमार साहू, सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. नेहा बाफना, डॉ. योगेश्वर कालकोन्डे न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ बैद्यनाथ, डॉ ओमप्रकाश वर्मा अस्पताल सलाहकार, गीता एक्का, प्रवीण कुमार, धर्मीन, लक्ष्मीचंद उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल पर निःशुल्क जांच उपचार एवं परामर्श दिया जा रहा हैं, सिकल सेल मरीजों के ईलाज के लिए एक ईलाज पुस्तिका उपलब्ध हैं, जिसे ओ.पी.डी. से प्राप्त किया जा सकता हैं। अधिक जानकारी के लिए सिकल सेल हेल्पलाईन नंबर व अस्पताल पर संपर्क कर सकते हैं।



सीए ब्रांच द्वारा 'एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# कोड ऑफ एथिक्स-एथिकल स्टैण्डर्ड पर व्यक्त किए विचार, इनकम टैक्स में ड्राफ्टिंग की बारीकियों की दी जानकारी

कार्नर न्यूज



भिलाई। सीए ब्रांच भिलाई द्वारा कोड ऑफ एथिक्स-एथिकल स्टैण्डर्ड विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। इस दौरान सीए इंस्टीट्यूट द्वारा सीए सदस्यों के लिए एथिकल स्टैण्डर्ड बोर्ड द्वारा किये गये प्रयासों और इनकम टैक्स में ड्राफ्टिंग और अपील के बारे में वक्ताओं ने अपनी बात रखी। साथ ही फायनेंशियल रिपोर्टिंग में होने वाली सामान्य गलतियों की जानकारी सहित किन बारिकियों का ध्यान रखना है इसकी भी जानकारी उपस्थितजनों को दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। ब्रांच चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने सीए सदस्यों एवं छात्रों को कार्यक्रम के विषय की जानकारी देते हुए इसके महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एथिकल स्टैण्डर्ड के चेयरमेन सीए अनुज गोयल ने बोर्ड द्वारा सीए सदस्यों के लिए किये जा रहे प्रयाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे सदस्यों के प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए नई संभावनाएं मिलेंगी, सभी सदस्यों को इसे पूर्ण रूप से अपनाना जरूरी है।

### इनकम टैक्स में ड्राफ्टिंग की दी जानकारी

कार्यक्रम में उपस्थित इंदौर के सीए पंकज शाह ने इनकम टैक्स में ड्राफ्टिंग और अपील के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनकम टैक्स नोटिस एवं स्क्रूटनी आदि अब फैशलेस व्यवस्था में आ चुके हैं इसके तहत अब आपको अपने नोटिस का जवाब ऑनलाइन ही देना होगा और इसमें भी आप अपनी बात स्पष्ट रूप से रखें, इसका विशेष ध्यान रखना होगा।

वहीं सीए हिमांशु अग्रवाल ने फाइनेंशियल रिपोर्ट में होने वाली गलतियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑडिट करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों का बारिकी से अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि क्लाइंट से इंगेजमेंट पत्र लिये बिना ऑडिट शुरू करना एथिक्स के खिलाफ है। सीए आरके गौर ने सभी सदस्यों को सीए इंस्टीट्यूट के कोड ऑफ एथिक्स की जानकारी दी। उन्होंने सीए सदस्यों के पास प्रैक्टिस के अलावा और क्या विकल्प हैं इसकी भी जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन सीए भावेश बाघमार एवं आभार व्यक्त ब्रांच के सेक्रेटरी सीए अंकेश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमेन सीए प्रदीप पाल, सीए एनके टांक, सीए राकेश ढोढी, सीए संजीव अग्रवाल, सीए श्रीचंद लेखवानी, सीए बीएम सुराना, सीए पारस छाजेड़, सीए श्रीपाल कोठारी, सीए मिनेश जैन, सीए पीयूष जैन, सीए नितिन रूंगटा, सीए अमित राय सहित सीए प्रफुल्ल कोठारी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

## रोजगार मार्गदर्शन व कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों का चयन



**भिलाई।** रोजगार मार्गदर्शन एवं कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन दुर्ग में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सन प्राइवेट आईटीआई चंदखुरी दुर्ग भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड एवं शेपर्स हायर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में रोजगार मार्गदर्शन एवं कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से विभिन्न व्यवसायों जिसमें इलेक्ट्रीशियन, पीपीओ, फीटर, पेंटर जर्नल, वेल्डर, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, सीओई ऑटोमोबाइल, एमएमवी, टर्नर, मैकेनिस्ट, वायरमैन एवं टूल एंड डाई मेकर के 2017 से 2023 तक के उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों का मूल्यांकन कंपनी के प्रतिनिधियों के द्वारा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, लिखित परीक्षा और मौखिक साक्षात्कार तथा मेडिकल जांच से किया गया। इस मूल्यांकन के आधार पर जिन विद्यार्थियों का चयन हुआ उन्हें तत्काल जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया। सुजुकी मोटर्स के प्रतिनिधि पवन यादव और शेपर्स हायर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि निखिल ठाकुर ने विद्यार्थियों और कॉलेज द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के संचालक सुशील चंद्राकर, सह-संचालक जय चंद्राकर ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के प्राचार्य विजय कुमार यदु ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य में और प्लेसमेंट आयोजित करने की बात कही। प्लेसमेंट अधिकारी सुरेंद्र कुमार देवांगन ने कैंपस प्लेसमेंट के लिए कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

- मूल्यांकन के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को तत्काल जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया

स्पोर्ट्स इवेंट

## अंडर 19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट टूर्नामेंट में 10 टीमों ने लिया हिस्सा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट टुर्नामेंट का आयोजन कि गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमों ने भाग लिया है। जिन्हें दो ग्रुप में विभाजित किया गया। ग्रुप बी का दसवां चार दिवसीय मैच रायपुर तथा भिलाई के मध्य खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 74.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 250 रन बनाये। भिलाई की ओर से रुबल साहु ने 64 रन तथा गर्व कुमार सिंह ने 55 रनों का यागे दान दिया। वहीं रायपुर की ओर से फैज खान ने 3 विकेट तथा आदित्य अग्रवाल ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 62 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाये। रायपुर की ओर से दक्ष कुमार ने 54 रन बनाये। भिलाई की ओर से कुमार इषान तथा अमृतेष कुमार सिंह ने 3–3 विकेट प्राप्त किये। दुसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी दुसरी पारी में 40 ओवर में 5 विकटे खोकर 106 रन बना लिये हैं। भिलाई की ओर से शिवेन्द्र तिवारी ने 25 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से आदित्य अग्रवाल ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई 150 रनों से आगे है। ग्रुप बी का नवां चार दिवसीय मैच 28 से 31 मई को कांकेर तथा राजनांदगांव के मध्य कांकेर ग्राउंड में खेला गया। जिसमें कांकेर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कांकेर ने अपनी पहली पारी में 97 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 343 रन बनाये। जिसमें गजेंद्र कुमार नाग ने 124 रन तथा नितिन सिंह ने 112 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से देवकरन साहु ने 4 विकेट तथा कृष्णम दुबे ने 3 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 46 ओवरों में 10 विकटे खोकर 163 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से बालाजी राव ने सर्वाधिक 27 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से नितिन सिंह ने 4 विकेट तथा एके नरेती ने 2 विकटे प्राप्त किये। दुसरे दिन की समाप्ति तक कांकेर ने अपनी दुसरी पारी में 32 ओवरों में 6 विकेट खोकर 126 रन बना लिये हैं। कांकेर की ओर से गजेन्द्र कुमार नाग ने 34 रन बनाये। वहीं राजनादंगांव की ओर से देवकरन साहु, कृष्णम दुबे तथा रुद्रांष तिवारी ने 2–2 विकेट प्राप्त किये। दुसरे दिन की समाप्ति तक कांकेर 306 रनों से आगे है।

## श्री शनिदेव मंदिर समिति के अध्यक्ष बने उत्कर्ष



**भिलाई।** श्री शनिदेव मंदिर समिति वार्ड 2 स्मृति नगर के अध्यक्ष के रुप में पंडित उत्कर्ष भट्ट को चुना गया है। अध्यक्ष चुने जाने पर निश्चित रुप से मंदिर में विकास कार्य होंगे। उत्कर्ष भट्ट जय हनुमान सेवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष और लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष भी है। श्री भट्ठ द्वारा प्रदेश में विगत लंबे समय से धार्मिक आयोजन सभी वार्डों में संपन्न करवा चुके हैं। श्री भट्ट के चुने जाने पर समिति के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। बैठक में गिरिराज सिंह, सोनू सिंह, श्रीमती प्रीति जगत, वर्षा डोंगरे, राजलक्ष्मी साहू, विजय गोस्वामी, शरद रोजारियों, मनोज मिश्रा, अमन विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, दीपक साहू, बलदेव सिंह, संजय ठाकुर, दौलत साहू, सतीश पांडे, बिट्टू यादव मौजूद थे।

- कीर्तन में विजेता बच्चों को 1 जून को किया जाएगा पुरस्कृत

# बच्चों ने कीर्तन के माध्यम से किया सिख गुरुओं की वीरता का बखान, सेवाभाव को किया आत्मसात

**भिलाई।** सिख समाज सेवाकार्यो में सदैव अग्रणी रहा है। सेवाभाव का पाठ व सिख गुरुओं के वीरता की गाथा बचपन से ही बच्चों को सिखाई जाती है। जिससे वे बड़े होकर समाज को और मजबूत कर सकें। इसी उद्देश्य से दुर्ग गुरुद्वारे में बच्चों की कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें आसपास के साथ ही अन्य स्थानों के बच्चों ने भाग लिया। गुरुद्वारा श्री सिंघ सभा दुर्ग व हम चाकर गोविंद शस्त्र विद्या अखाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के लिए कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग गुरुद्वारे में किया गया था। जिसमें दुर्ग, भिलाई के साथ ही राजनांदगांव, रायपुर, महासमुंद, धमतरी सहित अन्य स्थानों के बच्चों ने शिरकत की।



### दो आयु वर्गों में हुई प्रतियोगिताएं



गुरुद्वारे में सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे चली कीर्तन प्रतियोगिता में बच्चों ने समाज के गुरुओं की वीरता, त्याग व बलिदान को कीर्तन के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए उनके विचारों को आत्मसात किया। कीर्तन प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में सरदार करनैल सिंह, बीबी सतनाम कौर विरदी व सुखमनदीप सिंह उपस्थित रहे। बच्चों ने कीर्तन प्रतियोगिता में सिख गुरुओं की जीवनी, समाज के प्रति समर्पण, त्याग सहित उनकी वीरगाथाओं को कीर्तन के माध्यम से बखान किया। प्रतियोगिता में 31 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 29 बच्चियां शामिल थी। इन बच्चों को दो ग्रुप में बांटा गया। जिसमें 10 साल से 15 साल तक एवं 15 से 25 साल के युवा शामिल थे। सभी ने मिलकर सुमधुर आवाज के संग कीर्तन में रस घोल दिया। जिसे सुनकर निर्णायक व उपस्थित जनों मंत्रमुग्ध हो गए। आयोजन के पश्चात विजेताओं के नाम घोषित कर दिए गए। जिसका पुरस्कार वितरण 1 जून को किया जाएगा।

### यह बच्चे रहे विजेता

सीनियर ग्रुप 15 से 25 में प्रथम हरप्रीत कौर, सिमरन कौर, रस्मीत कौर, द्वितीय नवनीत कौर, कुलजीत सिंह, तृतीय कीरत कौर, मीत कौर विजेता बने। जूनियर ग्रुप 10 से 15 साल वाले बच्चों में प्रथम रिजक कौर दुर्ग, द्वितीय त्रिसराज सिंह धमतरी, तृतीय अरजा कौर व जस्मान कौर रहे।

### सरोपा देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा श्री सिंघ सभा दुर्ग अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, जितेंदर सिंह व इंदरपाल सिंह भाटिया द्वारा अतिथियों व निर्णायकों को सरोपा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन हम चाकर गोबिंद के शस्त्र विद्या अखाड़ा के अध्यक्ष हरविंदर सिंह, हपमीत सिंह एवं जितेंदर पाल सिंह ने किया।

### 1 जून को गतका का आयोजन

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अरविंदर सिंह खुराना ने बताया कि विभिन्न स्थानों से आये सभी बच्चों ने कीर्तन प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रस्तुती दी। बच्वें समाज के सेवा संस्कार व रीति रिवाजों से जुड़े रहे इस उद्देश्य से ऐसे आयोजन किए जाते है। इसी कड़ी में 1 जून को साल भर में एक बार गतका (मार्शल आर्ट) का भव्य आयोजन शाम 5 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा। इस आयोजन में ही कीर्तन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण






**भिलाई।** वीएनआर नर्सरी प्राइवेट लिमिटेड ग्राम गोढी जिला दुर्ग में पर्यावरण सहेजने फलदार व छायादार पौधों की अत्याधुनिक ढंग से नर्सरी तैयार की जा रही है। *(फोटो संजय पांडेय)*

विविध विषयों पर की चर्चा

## दुर्ग जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष बने सांसद विजय



**भिलाई।** दुर्ग जिला भारोत्तोलन संघ का वार्षिक साधारण सभा एवं आम चुनाव का आयोजन किया गया है। संघ के प्रधान कार्यालय में आयोजित इस सभा में अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न विषयों पर प्रस्ताव सभा में रखा गया। साथ ही नया अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने दुर्ग के सांसद विजय बघेल को निर्विरोध सर्व सम्मति से अध्यक्ष बनाया गया है। अब वे 2027 तक जिला अध्यक्ष रहेंगे।

बैठके में बीते वर्ष के आय-व्यय से लेकर खिलाड़ियों की उपलब्धी उनके बेहतर कैरियर और अवसर प्रदान करने के विषय पर चर्चा की गई। जिस पर सभी ने गंभीरता से चर्चा और विचार विमर्श किए। वार्षिक आय-व्यय वर्ष 2023-24 की जानकारी विस्तार से कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत की। इसके बाद कार्य योजना कि समीक्षा कर कार्यो में सुधार पर चर्चा की गई। खिलाड़ियों को खेल में पूर्व अवसर सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में संघ द्वारा प्रतियोगिता आयोजन का प्रस्ताव रखा गया है।

वर्ष 2022-23 के आयोजन प्रतियोगिता एवं खिलाड़ियों की उपलिब्ध के लिए संघ के समस्त पदाधिकारियों की सहसम्मित अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसमें 2024 से लेकर 2027 तक तक के लिए अध्यक्ष दुर्ग सांसद विजय बघेल को बनाया गया। उपाध्यक्ष के लिए धर्मेंद्र कौशिक, सचिव ललित साहू, कोषाध्यक्ष छत्रपाल चंद्राकर, सहसचिव पोखन लाल साहू का सर्व सम्मति से निरविरोध चुनाव किया गया है। इस अवसर पर ईश्वर अहीर, सुनील गोसाई, दुर्गेश वैष्णव, संतोष यादव, बालाराम आदि उपस्थिति रहे।

> दुर्ग जिला भारोत्तोलन संघ का वार्षिक साधारण सभा एवं आम चुनाव का आयोजन किया

आर्य समाज द्वारा किया गया पारिवारिक सत्संग का आयोजन

## समाधान में लगी संपत्ति घटती नहीं, विवाद और समस्या में लगी संपत्ति कभी बचती नहीं: डॉ. आर्य

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आर्य समाज आर्य नगर एवं दामिनी वैलनेस सेंटर द्वारा पारिवारिक सत्संग का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य यजमान ज्योति बनी। मनोज आर्य एवं कृष्णमूर्ति ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया और बच्चों एवं युवाओं ने यज्ञ में आहुति डाली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि समाधान में लगी संपत्ति कभी घटती नहीं है। विवाद और समस्या के लिए लगाई गई संपत्ति कभी बचती नहीं। आचार्य ने यजमान ज्योति को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने का प्रयत्न करना चाहिए।



### भारतीय संस्कृति से जुड़ने का प्रयत्न करना चाहिए

जन्मदिन इस बात का मूल्यांकन करने का विशेष अवसर है कि हमने अपने जीवन में क्या खोया और पाया। उत्थान को चुना या पतन को। पूर्ण ग्राम अंधकार की ओर गए या प्रकाश को प्राप्त करने का प्रयत्न किया। जन्मदिन प्रकाश को बुझाने का नहीं अभी तो प्रकाश को प्रबुद्ध करने का पर्व है। हम सबको भारतीय संस्कृति से जुड़ने का प्रयत्न करना चाहिए। वर्तमान में बहुत सारी शारीरिक व्याधियों और समस्या ऐसी हैं जो आयुर्वेद एवं भारतीय संस्कृति या शैली से दूर हो सकती हैं। सभी को सुबह जल्दी उठना और रात्रि में जल्दी सोने का प्रयास करना चाहिए। नीति शतक के श्लोक के बारे में बताया कि दुर्जन की विद्या विवाद के लिये, धन उन्माद के लिये और शक्ति दूसरों का दमन करने के लिये होती है। सज्जन इसी को ज्ञान, दान और दूसरों के रक्षण के लिये उपयोग करते हैं।



### समस्या का समाधान निकालना चाहिए

हम सबको याद रखना चाहिए कि हमेशा समस्या का समाधान निकालना चाहिए। जीवन का गणित ऐसा ही है जब भी आप पुण्य समाधान के लिए संवाद करते हो तो अपना कुछ समर्पित करने की इच्छा रखो। त्याग की भावना रखो जीवन में समाधान फलने फूलने लगेगा। धर्म के गणित में लगाया गया धन वैभव और संपत्ति कई गुना अधिक हो जाती है इसलिए अपने सामर्थ्य के अनुसार छोटा-छोटा पुण्य लगातार करते रहना चाहिए। इस अवसर पर मनोज आर्य, दामिनी आर्या, कृष्णमूर्ति, कौशल आर्य, कान्हा, नीर, ऋत्विज सहित अन्य जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में रायपुर की समिधा ने छग को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया







रायपुर। असम के तेपेसिया में आयोजित राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप व प्रो नाइट फाइट में छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन कर अब तक दो स्वर्ण, एक रजत और 6 कांस्य पदक सहित कुल 9 पदक प्राप्त किए हैं। 30 मई को चैंपियनशिप के अंतिम दिन छग के पदकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। विवेकानंद एकेडमी रायपुर की समिधा ने स्वर्ण जीतकर छग को दूसरा स्वर्ण दिलाया। वहीं, बस्तर के एलेक्स, विवान, पुष्कल, अन्वी, रायपुर की पल्लवी और शुभांश ने कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 850 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

28 मई को सब जूनियर वर्ग के मुकाबले प्रारम्भ हुए, जिसमें श्री गुजराती स्कूल रायपुर के घृतेश साहू ने स्वर्ण जीत कर छग के पदकों का खाता खोला था। वहीं, इसी स्कूल की मंजू साहू और मानसी तांडी ने कांस्य पदक जीताकर छ ग के पदकों की संख्या 03 पहुंचाई थीं। वहीं, 29 मई को 12 -13 वर्ष की बालिका वर्ग में विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर की समिधा अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में आंध्र प्रदेश की खिलाड़ी को हराकर छत्तीसगढ़ के लिए दूसरा स्वर्ण जीता। वहीं, जगदलपुर के अब्दुल मोईम प्रशिक्षण केन्द्र के एलेक्स कुमार 11 वर्ष के 36 किलो वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। उसे फाइनल में मणिपुर के खिलाड़ी ने पराजित किया। साथ ही बस्तर के इसी प्रशिक्षण केन्द्र के विवान बाजपेई (10 वर्ष, 32 किग्रा), अन्वी जैन (11 वर्ष, 40 किग्रा) और पुष्कल जैन (13 वर्ष, 48 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। जबकि, रायपुर की श्री गुजराती स्कूल की पल्लवी साहू (23 वर्ष, 63 किग्रा) और विवेकानंद एकेडमी के शुभांश मानिकपुरी (17 वर्ष, 75 किग्रा) ने भी कांस्य पदक जीता।

## जून में इन 3 बर्थ डेट वालों पर बरसेगी शनिदेव की कृपा



अंक ज्योतिष में साल 2024 को शनि का साल माना गया है। मान्यता है कि किसी भी माह के 8, 17 और 26 तारीख में जन्मे लोगों पर शनिदेव की विशेष कृपा होती है। ज्योतिष शास्त्र में जिस तरह 12 राशियों का वर्णन किया गया है। वैसे ही अंक ज्योतिष में अंकों का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि राशियों की तरह ही हर एक मूलांक का भी संबंध किसी न किसी ग्रह से होता है। किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख को इकाई अंक तक जोड़ें और तब जो संख्या आएगी, उसे ही आपका मूलाक कहा जाएगा। वहीं, जब आप अपनी जन्म तिथि, महीने और वर्ष को इकाई अंक तक जोड़ें और तब जो संख्या आएगी, उसे भाग्यांक कहा जाएगा। उदाहरण के लिए 8, 17 और 26 को जन्में लोगों का मूलांक 8 (8+0=1+7=2+6=8 होता है। अंक ज्योतिष में मूलांक 8 वालों के स्वामी ग्रह कर्म और न्याय के देवता भगवान शनि माने गए हैं।

**डेट ऑफ बर्थ 8** : जून महीने में शनिदेव की कृपा से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। करियर की दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। व्यापार में तरक्की करेंगे। लाइफ में पॉजिटिविटी बढ़ेगी। आपके सभी सपने साकार होंगे। अपने लक्ष्यों को लेकर महत्वकांक्षी नजर आएंगे। मन प्रसन्न रहेगा। नए कार्यों के शुरुआत के लिए बेहद शुभ समय रहेगा।

**डेट ऑफ बर्थ 17** : आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। शनिदेव की कृपा से धन की तंगी से छुटकारा मिलेगा। ऑफिस में लीडरशिप क्वालिटी की प्रशंसा होगी। करियर में नई अचीवमेंट मिलेगी। हर कार्य में उम्मीद से भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी-बिजनेस में तरक्की के कई सुनहरे अवसर मिलेंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। निर्णय लेने की क्षमता अच्छी होगी। विचारों में स्पष्टता आएगी। यात्रा के योग बनेंगे।

**डेट ऑफ बर्थ 26** : किसी भी महीने की 26 तारीख को जन्मे लोगों पर जून में शनिदेव मेहरबान रहेंगे। इंकम के नए सोर्स बनेंगे। धन की तंगी से छुटकारा मिलेगा। रिश्तों में सुधार आएगी। साथी संग रिश्ता मजबूत होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत आपकी होगी। इस माह नया घर या वाहन की खरीदारी के योग बनेंगे। कॅरियर से जुड़े शुभ समाचार मिलेंगे।

### ब्लड में जमा हो रहे बैड कोलेस्ट्रॉल और प्लाक को हटाने का करता है काम

# दिल की सेहत को सही रखने के लिए ऐसे बढ़ाएं शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल का नाम लेते ही हर किसी को बैड कोलेस्ट्रॉल की चिंता सताने लगती है। जो कि शरीर और खासतौर पर हार्ट हेल्थ के लिए जरा भी अच्छा नहीं है। लेकिन, बैड कोलेस्ट्रॉल के साथ ही शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल भी होता है। जिसे हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन कहते हैं। बॉडी को इस गुड कोलेस्ट्रॉल की जरूरत होती है। लेकिन जब बैड कोलेस्ट्रॉल शरीर में ज्यादा हो जाता है तो ये एचडीएल की मात्रा कम हो जाती है। शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ाने के लिए इन फूड्स को खाना शुरू कर दें।



### साबुत अनाज

डाइट में साबुत अनाज को शामिल करने से गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने में मदद मिलती है।

### मोनोसैचुरेटेड फैट

मोनोसैचुरेटेड फैट हेल्दी फैट्स होते हैं और इसकी मदद से एचडीएल को बढ़ने में मदद मिलती है। दूसरे हार्मफुल फैट की बजाय इन फैट्स को शामिल करें। ऑलिव ऑयल, पीनट ऑयल, एवाकाडो, बादाम, हेजलनट्स, पीनट बटर, पंपकिन सीड्स, तिल।

### क्या है गुड कोलेस्ट्रॉल

हाई डेंसिटी कोलेस्ट्रॉल किसी क्लीनर की तरह काम करता है और ब्लड में जमा हो रहे बैड कोलेस्ट्रॉल और प्लाक को हटाने का काम करता है। धमनियों और ब्लड वेसल्स में जमा हो रहे प्लाक को हटाने की वजह से ही हार्ट डिसीज, हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को कम करने में गुड कोलेस्ट्रॉल मदद करता है।

### सॉल्यूएबल फाइबर से बढ़ेगा गुड कोलेस्ट्रॉल

ओट्स, फल, सब्जियां, दालों में मौजूद सॉल्यूएबल फाइबर गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। स्टडी के मुताबिक सॉल्यूएबल फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को घटाकर गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है।

### कैल्शियम

कई सारी स्टडीज में पता चला है कि कैल्शियम सप्लीमेंट्स कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने जिसमे एचडीएल की मात्रा ज्यादा होती है, मदद करते हैं।



### ओमेगा 3 फैटी एसिड

ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट जिसमे अखरोट, अलसी शामिल है। इन्हें खाने से शरीर में ओमेगा 3 की सप्लाई होती है। जो एचडीएल का लेवल बढ़ाने और कॉर्डियोवस्कुलर के रिस्क को कम करता है।

## हॉट वॉटर पीने से सेहत को मिलते हैं फायदे गर्मी में अवॉइड करना चाहिए बहुत गर्म पानी

फिटनेस फ्रीक्स और वजन कम करने की कोशिश में लगे लोग अपने दिन की शुरुआत एक गर्म कप पानी के साथ करना पसंद करते हैं। कुछ लोगों के लिए ये सुबह के पहले कामों में से एक हो सकता है। एक कप गर्म पानी को बॉडी डिटॉक्स के लिए अच्छा माना जाता है।

कुछ लोग पूरे दिन गर्म पानी भी पीते हैं। गर्मी में गर्म पानी पीएं या नहीं, ये एक ऐसा सवाल है जिस पर खूब चर्चाएं होती है। कुछ लोग इसे सेफ मानते हैं तो वहीं कुछ लोग इसे नुकसानदायक मानते हैं। जानिए क्या वाकई गर्मियों में बहुत ज्यादा गर्म पानी नुकसानदायक हो सकता है।



### क्या गर्मी में पीना चाहिए बहुत ज्यादा गर्म पानी?

बहुत गर्म पानी न पिएं क्योंकि इसका उल्टा असर हो सकता है। गर्म पानी ब्लड फ्लो में सुधार करता है, इसलिए यह दर्द, खासकर मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत दिला सकता है। लेकिन बहुत गर्म पानी न पिएं. क्योंकि इसका असर उल्टा हो सकता है और इससे आपके जोड़ों में सूजन आ जाएगी।

### गर्म पानी पीने के फायदे

गर्म पानी गर्मी में पीएं या नहीं, इस सवाल को जानने से पहले इसके कुछ फायदे जरूर जान लें। जैसे-

- गर्म पानी पाचन तंत्र को नियंत्रित करता है और एक्टिव बनाता है। यह ठंडे पानी की तुलना में भोजन को तेजी से तोड़ने में मदद करता है। ये कब्ज के खतरे को कम करता है।
- गर्म पानी पीने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है और पसीना आने लगता है। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन को बाहर निकलने में मदद मिलती है।
- सबसे पहले गर्म पानी पीने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है।
- साइनस पर पड़ने वाले दबाव से राहत पाने के लिए गर्म पानी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह साइनस को खोलता है और बलगम को तेजी से बाहर निकालने में मदद करता है।

## औषधीय गुणों की खान है ये हरा पेड़ लोहे जैसी मजबूत हो जाएंगी हड्डियां

हमारे आस-पास पाए जाने वाले कई पेड़ पौधे औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। जिनके सेवन से शरीर की कई बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। ऐसा ही एक ही केले का पेड़ है, जिसे औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है। जिसके सेवन से शरीर को काफी लाभ मिलता है। आयुर्वेदिक पौधों के एक्सपर्ट प्रो. विजय मलिक ने बताया कि आयुर्वेदिक तौर पर भी केले का पेड़ काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। केले के पेड़ पर आने वाला जो फल है उसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। क्योंकि, इसमें कैल्शियम का खजाना होता है, जिससे हड्डियों की कमजोरी दूर होती है।

प्रो. विजय मलिक ने बताया कि साउथ के कुछ राज्यों की बात की जाए, तो आज भी लोग केले के पत्ते पर खाना खाते हुए दिखाई देते हैं। क्योंकि, केले के पत्ते में नेचुरल आयरन के रिसोर्सेस पाए जाते हैं। ऐसे में इस पर भोजन करना स्वास्थ्य के लिए काफी बेहतर माना गया है। इसी के साथ-साथ वह कहते हैं कि इसमें विभिन्न प्रकार के औषधीय गुण भी छिपे हुए हैं। उन्होंने कहा इसकी पत्तियों का रस निकालकर अगर आप उपयोग करने लगे तो उसके माध्यम से खांसी, जुकाम दूर करने में मदद मिलती है।



इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि त्वचा से संबंधित किसी भी प्रकार के फंगल या कोई समस्या है, तो वह सभी लोग इसकी पत्तियों का लेप बनाकर लगा सकते हैं। इसकी पत्तियों का लेप भी काफी उपयोगी होता है। प्रोफेसर विजय मलिक ने कहा अगर आप किसी भी प्रकार के कोई भी आयुर्वेदिक पौधे का उपयोग कर रहे हैं, तो आयुर्वेदाचार्य से संपर्क करने के पश्चात ही उपयोग करें। क्योंकि, प्रत्येक पेड़ पौधे का वजन और उम्र के हिसाब से ही मात्रा का सेवन किया जाना चाहिए। यही नहीं, उनका तो यह भी कहना है अगर किसी व्यक्ति को पेड़ पत्तों से एलर्जी हो, तो वह बिल्कुल भी इसका उपयोग न करें।



## फर्श पर बैठने के फायदे जानकर छोड़ देंगे कुर्सी पर बैठना

पूरे दिन में कम से कम कुछ मिनट के लिए ही सही व्यक्ति को रोजाना फर्श पर बैठने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को सेहत से जुड़े कई फायदे मिलते हैं। भारत में जमीन पर बैठकर खाना खाने की प्रथा काफी पुरानी रही है। हालांकि, बदलती जीवनशैली के चलते आजकल लोग टेबल-कुर्सी पर बैठकर भोजन करना ज्यादा पंसद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं रोजाना कुछ देर फर्श पर बैठना सिर्फ एक प्रथा मात्र नहीं है। ऐसा करने से सेहत को कई गजब के फायदे भी मिलते हैं। सेहत पर हुए कई अध्ययनों की मानें तो कुछ देर फर्श पर बैठने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। फर्श पर बैठने से व्यक्ति के पोश्चर में सुधार होने के साथ बॉडी में लचीलापन आता है। आयुर्वेदिक डॉक्टर वरलक्ष्मी यानामंद्रा ने जमीन पर बैठने के फायदों के बारे में बात की है। उनका कहना है कि मैं आपको पूरी तरह से कुर्सी पर बैठने के लिए मना नहीं कर रही हूं, लेकिन पूरे दिन में कम से कम कुछ मिनट के लिए ही सही व्यक्ति को रोजाना फर्श पर बैठने की आदत जरूर डालनी चाहिए।



**रीढ़ की हड्डी रखें स्वस्थ** : बहुत कम लोग यह बात जानते हैं कि व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी सीधी नहीं होती है। इसकी संरचना एस आकार की होती है। अक्सर लोगों को स्पाइन में दर्द की समस्या रहती है। जो गलत बैठने की वजह से पैदा होती है। ऐसे में रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कुछ देर फर्श पर बैठने की आदत अपनानी चाहिए। इस बात का खास ख्याल रखें कि गलत आसन, झुकना या आगे की ओर झुककर बैठने और चलने की वजह से स्पाइन पर दबाव पड़ता है।

**कोर को बनाए अच्छा** : फर्श पर बैठने से व्यक्ति का कोर मजबूत बनता है, जिससे रीढ़ की हड्डी में स्थिरता आने से बैलेंस और स्टेबिलिटी बेहतर होती है।

**कूल्हे की मांसपेशियां बनती हैं मजबूत**-हिप फ्लेक्सर्स मांसपेशियां व्यक्ति के कूल्हों को जांघ, पीठ के निचले हिस्से (पीठ दर्द के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज) और पेल्विस से जोड़ने का काम करती हैं। कमजोर हिप फ्लेक्सर आपके चलने, स्थिरता और संतुलन को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में फर्श पर बैठने से कूल्हे की इन मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

**पोश्चर में होता है सुधार** : फर्श पर बैठने से शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियों को अधिक सक्रिय होना पड़ता है। फर्श पर बैठने से व्यक्ति के झुककर बैठने की संभावना भी कम होती है। जिससे उसके पोश्चर में भी सुधार होता है।

**लॉन्गेटिविटी होती है बेहतर** : प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी जर्नल के अध्ययन के अनुसार, 'बिना सहारे के फर्श से उठने और बैठने' की क्षमता लॉन्गेटिविटी को बेहतर बनाती है।

### जमीन पर बैठते समय ना करें ये गलतियां

- फर्श पर बैठते समय कभी भी झुककर न बैठें। अपनी स्पाइन को सीधा करके बैठें।
- फर्श पर देर तक बैठने वाले लोग थोड़ी-थोड़ी देर में अपनी स्थिति बदलने की कोशिश करें। इसके लिए अपने पैरों को स्ट्रेच करें।
- अगर आपको पहले से ही जॉइंट्स जैसी कोई समस्या है तो जमीन पर बैठने से पहले अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

कार्नर न्यूज

### पाचन तंत्र के लिए भी यह जूस होता है काफ़ी फायदेमंद

# अमृत से कम नहीं यह जूस, शरीर से निकाल फेंकता है विषैले तत्व, हार्ट को रखता है स्वस्थ

गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में लोग तरह-तरह के जूस पीते हैं। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे जूस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिस जूस का सेवन से आपको गर्मी से राहत तो मिलेगी ही, साथ ही पाचन तंत्र के लिए भी यह जूस काफ़ी फ़ायदेमंद होता है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं लौकी के जूस की। लौकी के जूस में विटामिन और मिनरल उच्च मात्रा में पाए जाते हैं। जिससे शरीर स्वस्थ और फिट रहता है और खाली पेट इस जूस के सेवन से आपको अनेक फ़ायदे मिलेंगे। लौकी का जूस सुबह ख़ाली पेट पीने से हमारे शरीर को कई फ़ायदे देता है। ये हमारे शरीर को हाइड्रेट रखता है और हमारे शरीर से विषैले पदार्थों को डिटॉक्स करने में मदद करता है।



### वेट लॉस में मददगार

लौकी के जूस में कैलोरी और फैट कम होता है। जिसकी वजह से परफेक्ट वेट लॉस ड्रिंक है। लौकी में भरपूर मात्रा में फ़ाइबर होता है। जिसकी वजह से आपको काफ़ी समय तक भूख नहीं लगेगी। लौकी के जूस में विटामिन सी, विटामिन बी, विटामिन के, विटामिन ए, आयरन, पोटेशियम और मैंगनीज जैसे विटामिन पाए जाते हैं।

### बॉडी रहती है हाइड्रेट

डायटीशियन प्रियंका ने बताया कि लौकी में भरपूर मात्रा में पानी होता है। जिसकी वजह से इसके सेवन से हमारे शरीर में पानी की पूर्ति होती है। ये उन लोगों के लिए बेस्ट है, जो लोग जिम या एक्सरसाइज करते हैं। जिसकी वजह से उन लोगों के शरीर में पानी की कमी नहीं होगी।

### शरीर को करता है डिटॉक्स

समय-समय पर अपने शरीर को डिटॉक्स करना बेहद ज़रूरी होता है। ऐसे में हमारी बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए लौकी का जूस काफ़ी फ़ायदेमंद होता है। ख़ाली पेट लौकी के जूस के सेवन से हमारा पाचन तंत्र में भी काफ़ी सुधार आता है। जो शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकाल देता है। इसे पीने से शरीर को ठंडक भी मिलती है।



### स्किन और बालों के लिए है फ़ायदेमंद

लौकी का जूस सिर्फ़ हमारी सेहत ही नहीं, बल्कि हमारे बालों और स्किन के लिए भी काफ़ी फ़ायदेमंद होता है। लौकी का जूस प्राकृतिक क्लींजर के रूप में काम करता है और शरीर से टॉक्सिटी को दूर करता है, जिसकी वजह से हमारे बाल और स्किन हेल्दी रहती है।

### हार्ट को रखता है स्वस्थ


लगातार लौकी का जूस पीने से जिन लोगों को कोलेस्ट्रॉल की बीमारी है, उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल काफ़ी कम हो जाता है। ये जूस आपके ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखता है और इस जूस का सेवन से हृदय रोगों का ख़तरा कम होता है।

## फिल्म इवेंट

### बालीवुड

## 'छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान' कल होगी रिलीज





### रायपुर के नीरज विक्रम ने लिखी है फिल्म की कहानी

**रायपुर।** फिल्म 'छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान' 31 मई को रायपुर सहित और पूरे छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म रायपुर के रहने वाले लेखक कैप्टन नीरज विक्रम ने लिखी है। वे एक पूर्व आर्मी ऑफिसर हैं। उन्होंने मोटू पतलू, शिवा, रुद्रा, ओह माय लल्लन, चाचा भतीजा, ईना मीना डिका, छोटा भीम जैसी कई सुपर हिट एनिमेटेड सीरियल लिखे हैं। इसके अलावा सोनपरी, शरारत, शकालाका बूम बूम, ऑल द बेस्ट, करिश्मा का करिश्मा, जैसे तमाम लाइवएक्शन सुपरहिट सीरियल भी उन्होंने लिखे हैं। दादू जी, टिंग टाँग , ओह माय लल्लन और दी पजैसे एनिमेटेड सीरियल प्रोडूस भी किए हैं। नीरज विक्रम ने बताया कि 'छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान' फिल्म भारत में पहली ऐसी फिल्म है जो एनीमेशन सीरियल से लाइव एक्शन फिल्म में बन रही है। छोटा भीम पिछले 16 सालों से एक सुपर हिट एनीमेशन सीरियल है, उसके ही किरदारों को लेकर, एनिमेशन की जगह एक्टर्स को लेकर बनी ये पहली फिल्म है। इस फिल्म को राजीव चिलाका ने प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया है। राजीव चिलाका ने जब छोटा भीम सीरियल की लाइव एक्शन मूवी बनाने का विचार किया था तो उन्होने मुझे लिखने के लिए बुलाया। उस समय मैं छोटा भीम सीरियल भी लिख रहा था। ये मेरे लिए एक बड़े चैलेंज की बात थी, क्योंकि एनीमेशन और लाइव एक्शन की राइटिंग में काफी फर्क है। फिल्म की पूरी शूटिंग के दौरान मैं मौजूद रहा, क्योंकि बच्चों के साथ कभी भी डायलॉग चेंज करने की जरूरत पड़ती है।

### हालीवुड

## मेमोरियल डे भी नहीं बचा पाया फ्यूरियोसा का फ्यूचर



**लॉस एंजिलिस।** सिनेमाघरों में रिलीज हो रही फिल्मों को लेकर दर्शकों में लगातार बनी हुई अरुचि से हिंदी फिल्म निर्माता ही नहीं, अब हॉलीवुड निर्माता भी परेशान हो चले हैं। ताजा रिलीज अंग्रेजी फिल्म 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' का दुनियाभर में जो हाल हुआ है, उसने इसकी इन्फ्लुएंसर्स आधारित प्रचार रणनीति पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा यही जा रहा है कि फिल्म के प्रचार में इन्फ्लुएंसर्स का जरूरत से ज्यादा प्रयोग सिनेमा के ब्रांड को कमजोर कर रहा है और आम दर्शकों में इससे संदेश ये भी जा रहा है कि अमुक फिल्म एक खास दर्शक वर्ग के लिए ही बनी हैं। करीब 1400 करोड़ रुपए की लागत से बनी 'मैड मैक्स' फ्रेंचाइजी की नई फिल्म 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' ने अमेरिका के फिल्म निर्माताओं को हिलाकर रख दिया है। अमेरिकी सेना के शहीदों की याद में मई के आखिरी सोमवार को मनाया जाने वाले दिन 'मेमोरियल डे' कहलाता है और इसके ठीक पहले के सप्ताहांत में रिलीज होने वाली फिल्मों को लेकर काफी पहले से तैयारी शुरू हो जाती है। इसी समय को लक्ष्य में रखकर रिलीज हुई 'फ्यूरियोसा' का जो कलेक्शन बीते सप्ताहांत रहा है, वह बीते तीन दशकों का इस सप्ताहांत रिलीज हुई फिल्मों में सबसे कम बताया जा रहा है।'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' का सोमवार तक का कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करीब 3.3 करोड़ डॉलर यानी करीब 275 करोड़ रुपए ही हो पाया है।

### टालीवुड

## अजित कुमार की फिल्म 'गुड बैड अगली' ने की रिकॉर्ड ब्रेकिंग डील



साउथ के स्टार अजित कुमार के फैंस उनकी फिल्मों के लिए पागल रहते हैं। अजीत की अगली फिल्म गुड बैड अगली उनके करियर की 63वीं फिल्म होने वाली है। अधिक रविचंद्रन द्वारा निर्देशित यह फिल्म साउथ में चर्चा का विषय है। गुड बैड अगली को रिलीज होने में अभी काफी लंबा वक्त है, लेकिन इससे पहले इसके ओटीटी राइट्स बिक चुके हैं। जिससे मेकर्स को करोड़ों का प्रॉफिट हुआ है। गुड बैड अगली की बात करें तो इसकी शूटिंग की शुरुआत साल के शुरू में हुई थी। इस फिल्म में अजित कुमार एक ऐसे किरदार में नजर आएंगे, जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा हो गया। हालांकि यह फिल्म अगले साल पोंगल के मौके पर रिलीज होगी लेकिन इससे पहले फिल्म के ओटीटी राइट्स बिक चुके हैं। फिल्मी बीट के अनुसार नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म के डिजिटल राइट्स हासिल किए हैं। मेकर्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच यह सौदा 95 करोड़ रुपए में हुआ है। यह अजित के करियर की सबसे बड़ी ओटीटी डील है। अजित के अलावा इस फिल्म में और कौन-कौन से कलाकार नजर आने वाले अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, 19 मई को मेकर्स ने इस फिल्म का पोस्टर रिवील किया था। पोस्टर में वह एकदम अगल अंदाज में हरे रंग की शर्ट में दिख रहे थे। उनके हाथों पर टैटू बने हुए थे. आंखों पर चश्मा, उंगलियों में अंगूठी पहने वह कूल लुक में दिखे थे।

### लाइफ स्टाइल

## अलाया एफ का अंदाज है सबसे जुदा

मुंबई। खूबसूरत और स्टाइलिश अलाया एफ ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं जिनमें उनका लुक और स्वैग दोनों देखने लायक हैं। अलाया एफ बॉस लेडी लुक में बेहद गॉर्जियस लग रहीं हैं, जिन्हें देख फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में अलाया एफ ऑल ब्लैक लुक में एक चेयर पर बैठ पोज देती दिखाई दे रहीं हैं। इससे पहले अलाया एफ कुछ अन्य अंदाज में फैंस की हार्ट बीट बढ़ाती नजर आईं थीं। सोशल मीडिया पर अलाया एफ कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में धमाल मचाती नजर आती हैं। भले ही अब तक अलाया एफ कम ही फिल्मों में नजर आईं हों, लेकिन सोशल मीडिया पर उनका जलवा कायम है।



## गर्मियों में खूब जचती है शिफॉन की साड़ी

### फैशन





गर्मी के मौसम में बड़ों से लेकर बच्चों तक का कोई परेशान रहता है। इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग हल्के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। लड़कों के लिए तो हल्के कपड़ों का सबसे सही विकल्प होता है टी-शर्ट और शॉर्ट्स लेकिन महिलाओं और लड़कियों के लिए यह काफी समस्या का विषय है। गर्मी के मौसम में खासतौर पर परेशानी उन महिलाओं के सामने आती है, जिनके लिए साड़ी पहनना अनिवार्य होता है। इसके अलावा बहुत सी महिलाएं ऑफिस में भी साड़ी पहन कर जाना पसंद करती हैं। ऐसे में आप चाहे तो शिफॉन की साड़ी गर्मी में पहन सकती हैं। यह साड़ी काफी हल्की होती है और इसे कैरी करना भी आसान होता है।

अगर शिफॉन की साड़ी पहनकर आप कहीं जाएंगी तो आपका लुक भी अलग दिखेगा। कई अभिनेत्री के पास शिफॉन की साड़ी का बेहद खूबसूरत कलेक्शन है। तो चलिए आपको भी उनका कलेक्शन दिखाते हैं।

**आलिया भट्ट :** आलिया भट्ट ने एक प्रमोशन के दौरान खूबसूरत से खूबसूरत शिफॉन की साड़ियां पहनी थीं। उन्हीं में ये गुलाबी साड़ी में शामिल है। ये शिफॉन की साड़ी देखने में बेहद खूबसूरत लग रही है। आप भी चाहें तो आलिया के कलेक्शन पर एक नजर डाल सकती हैं।

**अदिति राव हैदरी :** अपने रॉयल लुक की वजह से सुर्खियों में रहने वाली अभिनेत्री अदिति राव हैदरी का साड़ी लुक बेहद खूबसूरत है। ये ऑरेंज रंग की साड़ी देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ आप भी अलग रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

**कटरीना कैफ :** कटरीना कैफ अक्सर साड़ी में अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनके पास साड़ियों का बेहद शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप भी चाहें तो उनके जैसी गुलाबी शिफॉन की साड़ी खरीद सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगी।

**रवीना टंडन :** अगर आप शिफॉन फैब्रिक में अलग ढंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो रवीना टंडन के जैसी फ्रिल वाली साड़ी एक बेहतरीन विकल्प है। ये देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने फुल स्लीव का ब्लाउज कैरी किया है।

## दांतों की चमक से खिल उठेगी मुस्कान एक बार अपनाकर देखें ये तरीके

सबकी चाहत होती है कि उसके दांत मजबूत, चमकदार और लंबी उम्र तक साथ निभाएं। इसके लिए आपको ध्यान रखनी होंगी कुछ बातें और अपनानी होगी एक अच्छी डाइट। चेहरे को खूबसूरत बनाने में आपकी हंसी अहम भूमिका निभाती है।

जिसमें चार चांद लगाते हैं, दांत। मगर इसकी साफ-सफाई पर हम कम ही ध्यान देते हैं और इनका ख्याल रखने में लापरवाही बरतते हैं, जिसकी वजह से कम उम्र में ही दांत अपनी मजबूती और चमक खो देते हैं और हमारा लंबा साथ नहीं निभा पाते। लेकिन अगर आप लंबी उम्र तक अपने दांतों को मजबूत, चमकदार और स्वस्थ रखना चाहती हैं तो इनकी साफ-सफाई के साथ ही आपको हेल्दी डाइट भी लेनी होगी।



### साफ-सफाई

दांतों की मजबूती के लिए आपको दिन में दो बार इनकी सफाई जरूर करनी चाहिए। इसके लिए सुबह उठते ही और रात को सोने से पहले ब्रश करें। रात में ज्यादातर लोग ब्रश नहीं करते हैं। जिस वजह से दांतों में फंसे खाने के कणों में कीटाणु पनपने लगते हैं और दांतों में सड़न पैदा हो जाती है। इसलिए दोनों समय ब्रश करें और हर ब्रश टाइम को लगभग दो मिनट जरूर दें। इसके अलावा अपनी जीभ को भी साफ करें, क्योंकि जीभ पर भी बैक्टीरिया जमा होते। इसकी सफाई से दांत भी स्वस्थ रहते हैं और सांसों से भी बदबू नहीं आती है।

### टूथब्रश पर दें ध्यान

डॉक्टरों के अनुसार आपको एक मुलायम टूथब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही इसे हर तीन महीने या खराब हो जाने पर बदल लेना चाहिए। आपको इस्तेमाल के बाद ब्रश को अच्छी तरह से धोकर रखना चाहिए। साथ ही आप उसे कवर करके रखें, ताकि उस पर कोई गंदगी न जमे।

### आप जब हंसे तो जमाना देखे

दांतों और मसूड़ों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, एक हेल्दी डाइट लेना। इसलिए फल और सब्जियों का सेवन करें। फल और सब्जियां खाने से दांतों को जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं। वहीं अगर आप खाने में विटामिन-सी लेती हैं तो आप दांतों में होने वाली समस्याओं से बच सकती हैं। आप अपने खाने में मीठे की मात्रा कम करें, क्योंकि ज्यादा मीठा दांतों के लिए स्वास्थ्यकर नहीं होता है। मीठे से दांतों में सड़न पैदा होती है और कीटाणु पनपने लगते हैं। आइसक्रीम भी दांतों के लिए नुकसानदायक होती है, इसलिए इस मौसम में भी इसका सेवन कम ही करें।

## शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान, खास दिन पर निखर उठेगा चेहरा

लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं। इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है।

ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।



### गुलाब जल का करें इस्तेमाल

गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

### हर रोज करें क्लींजर का इस्तेमाल

चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

### चेहरे पर लगाएं ये क्रीम

विटामिन ई फेस क्रीम के इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होंगी। ये आपके चेहरे को नरिश करने का काम भी काफी अच्छे से करती है।

## गर्मी-धूप से काला हो गया चेहरा तो लगाएं खरबूजे का फेसपैक

गर्मियों के फल त्वचा के साथ-साथ शरीर को भी तरोताजा कर देते हैं। ये पूरी तरह पानी से भरे हुए होते हैं, जो हमारे शरीर में होने वाली पानी की कमी को पूरा करने के लिए कारगर साबित हो सकते हैं। इनमें से एक है खरबूजा। इनमें मौजूद विटामिन ए, बी और सी हमारी त्वचा को स्वस्थ, युवा और मुलायम बनाए रखते हैं।

**त्वचा को प्रदान करता है नमी :** खरबूजा त्वचा की सुस्ती और शुष्कता को दूर करता है। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है, क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा यह त्वचा की उम्र बढ़ने से रोकता है। खरबूजा झुर्रियां, काले धब्बे, काले घेरे को दूर करता है। इनमें फोलिक एसिड होता है जो त्वचा कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है और त्वचा को स्वस्थ और यंग रखता है। इनमें मौजूद विटामिन ए और सी कोलेजन उत्पादन को बढ़ाते हैं। इससे त्वचा में चमक बनी रहती है।





**क्लींजर के रूप में यूज करें खरबूजा :** खरबूजा के टुकड़े लें और इससे पूरे चेहरे और गर्दन पर मालिश करें। फिर इसे 15-20 मिनट तक रखें और सूखने के बाद अपना चेहरा धो लें। यह आपके चेहरे से गंदगी हटा देगा। इससे आपका चेहरा फ्रेश फील करेगा।


**ऐसे बनाएं फेस पैक :** खरबूजा लें और उसे मैश कर लें। फिर इनमें कॉफी पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं और चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें। पहले चेहरे और गर्दन को धीरे-धीरे रगड़ें। इसे कुछ मिनट तक लगा रहने दें और फिर जब यह सूख जाए तो अपने चेहरे पर पानी लगाकर दोबारा स्क्रब करें और धो लें। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा स्क्रब है जिनकी त्वचा स्क्रब करने से खराब हो गई है।


### कार्नर न्यूज

## गलत जीवनशैली के कारण लोगों के बाल तेजी से लगते हैं झड़ने

## 30 की उम्र में ही हो रहे हैं बाल सफेद तो करें इन योगासनों का अभ्यास, जल्द दिखेगा असर

खूबसूरती और आकर्षक लुक के लिए सिर पर बाल होना अहम होता है। लड़के हो या लड़कियां, सभी घने और सुंदर बाल चाहते हैं। बाल व्यक्ति के लुक को आकर्षक और प्रभावी बनाता है। लेकिन मौसम, प्रदूषण, पौष्टिक आहार की कमी और गलत जीवनशैली के कारण बालों पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उम्र से पहले ही लोगों को बाल तेजी से झड़ने लगते हैं। बाल झड़ने के अलावा बालों की ग्रोथ रुक जाती हैं। कुछ लोगों में उम्र से पहले बाल सफेद होने की शिकायत भी होने लगती है। ऐसे में अक्सर लोग काले, घने बालों के लिए और हेयर फॉल रोकने के लिए कई तरह के हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इन कैमिकल युक्त उत्पादों के कई साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं। ऐसे में घने, काले और बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए योगासनों का अभ्यास भी असरदार है। योगासन करने से बालों की सेहत पर लाभकारी असर देखने को मिलता है।





### शीर्षासन

इस आसन को करने से सिर की ओर रक्त प्रवाह बेहतर तरीके से होता है। शीर्षासन के अभ्यास से तनाव दूर होता है और बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। जिन लोगों के बाल झड़ रहे हैं, या उम्र से पहले सफेद हो रहे हैं, उन्हें शीर्षासन का अभ्यास करना चाहिए। शीर्षासन करने के लिए दोनों हाथों को सिर के पीछे ले जाकर नीचे झुकते हुए सिर को नीचे की ओर रखें। शरीर का संतुलन बनाते हुए अपने पैरों को ऊपर ले जाएं और सिर के बल खड़े रहते हुए संतुलन बनाए रखें।


### बालासन

तनाव या पेट की समस्या के कारण बाल झड़ने लगते हैं। बालासन के अभ्यास से पेट संबंधी समस्याओं और तनाव से राहत मिलती है। बालों की ग्रोथ और घने करने के लिए बालासन फायदेमंद हो सकता है। बालासन करने के लिए घुटनों को मोड़कर वज्रासन की अवस्था में बैठ जाएं। हाथों को ऊपर करते हुए गहरी सांस लें, फिर सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं और सिर जमीन पर रखकर पेट जांघों पर रखें।

### त्रिकोणासन

रूखे और सफेद बालों से छुटकारा पाने के लिए त्रिकोणासन का अभ्यास करें। दोनों पैरों को कुछ दूरी पर रखकर खड़े हो जाएं और हाथ व कंधों को सीध पर रखते हुए ऊपर उठाएं। अब दाहिने हाथ से पैर को छुएं। इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी दोहराएं।





### भुजंगासन

बाल अधिक झड़ रहे हैं, सफेद हो रहे हैं तो भुजंगासन का अभ्यास लाभकारी है। भुजंगासन करने के लिए पेट के बल लेटकर पैरों को आपस में मिलाएं और हथेलियों को सीने के पास कंधों की सीध पर रखें और माथे को जमीन पर टिकाएं। गहरी सांस लेते हुए शरीर के आगे के हिस्से को ऊपर उठाएं और हाथों को सीधा रखते हुए इसी मुद्रा में कुछ सेकंड रहें।